Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 72 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शुक्रवार 18 सितम्बर 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**




धर्म ध्यान दूसरों के माध्यम से नहीं होता, उसके लिए स्वयं कमर कसना चाहिये।

Religious meditation is not attained through others, for is one must resolve him self.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# मोदी का जन्मदिन : उज्जैन में जलाए गए 35 लाख दीए

■ उत्तराखंड में पीएम के नाम की पूजा, वडनगर से बनारस तक बाइक रैली



**उज्जैन।** पीएम मोदी का गुरुवार को 76वां जन्मदिन है। इस मौके पर देशभर में सेवा-संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में दीपोत्सव मनाया जा रहा है। सबसे बड़ा आयोजन उज्जैन में है, जहां शिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक में 25 लाख जबकि मकानों-दुकानों में 10 लाख दीपक जलाए गए। उत्तराखंड के देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमुना घाट पर पीएम मोदी के नाम से पहली पूजा और आरती कराई। मोदी के जन्मदिन पर पूरे बिहार में 21 लाख दीये जलाए गए। गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन और निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 18,500 से अधिक स्थानों पर 88 लाख से ज्यादा मिट्टी के दीये प्रज्वलित किए गए। इसके अलावा, वडनगर से वाराणसी तक बाइक रैली, मंदिरों में पूजा-अर्चना, आरती और कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुजरात सरकार और भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी विवरण के अनुसार, 'आशीर्वाद नो दिवडो' (आशीर्वाद का दीपक) कार्यक्रम शाम सात बजे राज्य के विभिन्न जिलों, नगर निगमों, नगरपालिकाओं और स्थानीय इकाइयों में आयोजित किए गए। इससे पहले शाम से भक्ति संगीत, सत्संग और सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुए। राज्य सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री जीतू वाघाणी ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 18,500 से अधिक स्थानों पर 88 लाख से ज्यादा मिट्टी के दीये प्रज्वलित किए जाएंगे और उनके दीर्घायु होने एवं देश की निरंतर सेवा के लिए प्रार्थना की जाएगी।'' भाजपा 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक राज्यव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी। सात अक्टूबर को मोदी के निर्वाचित जनप्रतिनिधि के तौर पर 25 वर्ष पूरे होंगे। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के वडनगर में कहा कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में हैं। उन्होंने मोदी के जन्मस्थान वडनगर से वाराणसी तक करीब 1300 किमी की बाइक रैली रवाना की। वाराणसी से भी वडनगर के लिए बाइक रैली शुरू हुई।

## सवा लाख 'आशीर्वाद के दीपों' से जगमगाया खारुन तट





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर आज राजधानी रायपुर का महादेव घाट सवा लाख दीपों की ज्योति से जगमगा उठा। खारुन नदी के पावन तट पर आयोजित विराट दीपोत्सव एवं महाआरती 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय शामिल हुए और प्रदेशवासियों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। सवा लाख दीपों की एक साथ प्रज्वलित ज्योति से महादेव घाट का पूरा परिसर आलोकित हो उठा। श्रद्धा, आस्था और जनभागीदारी के इस अनुपम संगम के बीच खारुन मैया की भव्य महाआरती की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपना जीवन राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित किया है। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, जनकल्याण और राष्ट्रीय स्वाभिमान के क्षेत्र में अनेक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी दिन-रात 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में जुटे हैं और उनके नेतृत्व में आज भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज खारुन मैया के पावन तट पर प्रज्वलित सवा लाख दीप प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति छत्तीसगढ़वासियों के स्नेह, आत्मीयता और शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्नेह और मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ को सदैव मिलता रहा है: सीएम साय

■ विकसित भारत के संकल्प में छत्तीसगढ़ पूरी प्रतिबद्धता के साथ देता रहेगा अपना सशक्त योगदान : मुख्यमंत्री



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए लिखा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का स्नेह और मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को निरंतर नई ऊर्जा और दिशा देता रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा उनके आलेख के माध्यम से छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा, विशेषकर बस्तर में आए परिवर्तन और विकसित भारत के निर्माण में प्रदेश की भूमिका को रेखांकित किए जाने के संदर्भ में आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में लिखा है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का स्नेह और मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ को सदैव मिलता रहा है। उनके विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ पूरी प्रतिबद्धता के साथ विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है और राष्ट्र की प्रगति में अपना सशक्त योगदान देता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आलेख को साझा करते हुए छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और विशेष रूप से बस्तर में आए परिवर्तन को रेखांकित किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा इस बात का बड़ा उदाहरण है कि आज देश की प्रगति केवल महानगरों और बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। बस्तर में आया बड़ा बदलाव इसकी जीवंत तस्वीर है और यह बताता है कि विकास की मुख्यधारा से जुड़कर जनजातीय समाज भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## ब्रज की ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के लिए 'ब्रज की खोज' परियोजना का शुभारंभ

■ भारतीय पुरातत्त्व परिषद और ब्रिसेक -सीसीआई के बीच हुआ समझौता




**नई दिल्ली।** ब्रज क्षेत्र के इतिहास, संस्कृति और पुरातत्त्व के समग्र अध्ययन, संरक्षण और संवर्धन के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना 'ब्रज की खोज' की शुरुआत की गई है। इस हेतु भारतीय पुरातत्त्व परिषद, नई दिल्ली और ब्रिसेक चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिसेक -सीसीआई ), नई दिल्ली के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता 17 सितंबर 2026 को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। समझौते पर भारतीय पुरातत्त्व परिषद की ओर से उपाध्यक्ष एवं महासचिव प्रो. डॉ. बी. आर. मणि और ब्रिसेक -सीसीआई की ओर से चेयरमैन डॉ. हरवंश चावला ने हस्ताक्षर किए। यह परियोजना भारतीय पुरातत्त्व परिषद के पुरातात्विक एवं अकादमिक अनुभव तथा ब्रिसेक -सीसीआई के संस्थागत, वित्तीय और अवसंरचनात्मक सहयोग से संचालित की जाएगी।

समझौता समारोह में देश के प्रख्यात शिक्षाविदों, पुरातत्त्वविदों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों तथा अन्य गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. (डॉ.) मुरली मनोहर जोशी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस) से सुरेश सोनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से डॉ. कृष्ण गोपाल, राष्ट्रीय संगठन सचिव, सहित अनेक विद्वान उपस्थित थे।

## सृजन, कौशल और श्रम के सम्मान का संदेश देती है भगवान विश्वकर्मा की आराधना : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



■ मुख्यमंत्री निवास में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सृजन, शिल्प और निर्माण के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा से प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री आर. कृष्णा दास, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी श्री आलोक सिंह सहित मुख्यमंत्री निवास के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए प्रदेशवासियों, विशेषकर श्रमवीरों, शिल्पकारों, कारीगरों, अभियंताओं, तकनीशियनों तथा उद्योग और निर्माण क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजनशीलता, कौशल, कर्मनिष्ठा और उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। उनकी आराधना हमें अपने ज्ञान, हुनर और परिश्रम से समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देती है। विश्वकर्मा जयंती केवल हमारी आस्था और परंपरा से जुड़ा पर्व नहीं है, बल्कि यह श्रम की प्रतिष्ठा, कौशल के सम्मान और सृजन की शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश और राष्ट्र की प्रगति के पीछे उसके श्रमवीरों, कारीगरों, शिल्पकारों, तकनीशियनों और निर्माणकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेत-खलिहानों से लेकर कारखानों तक, छोटे-छोटे प्रतिष्ठानों से लेकर बड़े उद्योगों तक और पारंपरिक शिल्प से लेकर आधुनिक तकनीक तक, हमारे कुशल हाथ अपने परिश्रम और प्रतिभा से विकास को आकार देते हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान सदैव मेहनतकश लोगों और समृद्ध शिल्प परंपरा की रही है। हमारे शिल्पकारों और कारीगरों ने पीढ़ियों से अपने हुनर के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजा है। वहीं आज के श्रमिक, अभियंता और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े युवा आधुनिक छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरागत कौशल और आधुनिक तकनीक का यह समन्वय प्रदेश के विकास को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।

## मणिपुर के राहत कैंपों में हुई मौतों के मामले में सुप्रीम कोर्ट की फटकार

■ 25 संदिग्ध मौतों पर मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** गुरुवार को मणिपुर के राहत शिविरों में संदिग्ध मौतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत ने गुरुवार को मणिपुर के राहत शिविरों में हुई कथित अप्राकृतिक मौतों और यौन उत्पीड़न के मामलों पर गंभीर चिंता जताई। इस संबंध में अदालत ने राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं। शीर्ष अदालत ने मणिपुर के मुख्य सचिव से राहत शिविरों में हुई 25 संदिग्ध मौतों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी। इसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौत की वजह से जुड़े सभी दस्तावेज भी शामिल हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच मणिपुर में साल 2023 की जातीय हिंसा से जुड़े यौन हिंसा के मामलों की जांच और कार्यवाही से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने राज्य सरकार से कहा, आप अपने मुख्य सचिव से कहें कि वे अदालत को आदेश जारी करने के लिए मजबूर न करें। हमें बताएं कि आपने क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वह मीडिया में बताई गई राहत शिविरों में हुई सभी 25 संदिग्ध मौतों की पूरी जानकारी दे।

## आदित्य ठाकरे को 500 करोड़ का मानहानि नोटिस

■ दिशा सालियान के पिता बोले- 7 दिन में माफी मांगें



**मुंबई।** दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री नेता अनिल देशमुख को 500 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है। बार एंड बेंच के मुताबिक, नोटिस में दोनों नेताओं से उनके बयानों को वापस लेने, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और 500 करोड़ का हर्जाना देने की मांग की गई है। दोनों को इसके लिए 7 दिन का समय दिया गया है। आदित्य ठाकरे ने जांच में उनका नाम आने पर कहा था कि ये राजनीति से प्रेरित है। वहीं, अनिल देशमुख ने कहा था कि आदित्य को बदनाम किया जा रहा है। दिशा के पिता ने कहा कि इन बयानों से निष्पक्ष जांच की मांग को गलत तरीके से पेश किया गया। 28 साल की दिशा एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं। उनकी 8 जून 2020 को मुंबई की एक बिल्डिंग से गिरने के कारण मौत हुई थी। दिशा की मौत के 6 दिन बाद 14 जून एक्टर सुशांत सिंह की भी मौत हो गई थी। आदित्य ने कहा- मैं दिशा सालियान से कभी नहीं मिला। उनसे कोई जान-पहचान नहीं थी। करीब 6 साल से राजनीतिक और निजी कारणों से उनका नाम इस मामले से जोड़ा जा रहा है। यह बिना सबूत के अभियान चलाने जैसा है।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

■ कहा- 'आपने सुशासन के नए प्रतिमान किए स्थापित'



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री के लंबे राजनीतिक सफर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सुशासन के अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए हैं और समावेशी विकास को नई दिशा प्रदान की है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। विगत 25 वर्षों में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आपने सुशासन के अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए हैं व समावेशी विकास को अभूतपूर्व गति और नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने आगे कहा, सांस्कृतिक गौरव की भावना के साथ आधुनिक प्रगति के मार्ग पर चलते हुए हमारे देशवासी, विरासत और विकास के समन्वय को साकार कर रहे हैं। मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की प्रार्थना करती हूं, ताकि आप जन-सेवा और राष्ट्र-निर्माण के अपने अभियान को निरंतर आगे बढ़ाते रहें।

## क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो का आज होगा भव्य शुभारंभ

■ अतिथि के रूप में तीन विधायकों व महापौर का मिलेगा मार्गदर्शन

■ एक्सपो में बुकिंग करने पर रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 फीसदी की छूट

CREDAI CHHATTISGARH PROPERTY EXPO 26

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रियल एस्टेट सेक्टर में छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रॉपर्टी एक्सपो 'क्रेडाई छत्तीसगढ़' के बैनर तले शुक्रवार, 18 सितंबर से शुरू हो रहा है, जो 20 सितंबर तक चलेगा। राजधानी के केंद्र में बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में शाम छह बजे इसका भव्य शुभारंभ होगा। इस कार्यक्रम में शहर के विकास को करीब से देखने वाले और रायपुर को विकसित करने में प्रमुख योगदान देने वाले विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रहेगी।

पूर्व मंत्री व विधायक श्री राजेश मूणत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विधायक श्री सुनील सोनी, विधायक श्री मोतीलाल साहू और रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। क्रेडाई ने इस बार एक्सपो के तीन दिनों के दौरान बुकिंग करने पर रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 फीसदी की भारी छूट देने की सौगात दी है। ग्राहकों के लिए अपनी जरूरत की प्रॉपर्टी खरीदने का यह एक सुनहरा अवसर है। स्टेडियम में सभी स्टॉल धारकों ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है और अब बस कल शाम रिबन कटने (शुभारंभ) का इंतजार है। 'संभव स्टील पाइप्स' और 'एसआरव्ही सोलर' इस एक्सपो के विशेष सहयोगी हैं।

हर दृष्टिकोण से यह प्रॉपर्टी एक्सपो कई खूबियों वाला है। आज की आधुनिक लाइफस्टाइल के अनुरूप लोग कैसी प्रॉपर्टी चाहते हैं, इसे युवाओं से बेहतर भला कौन समझ सकता है? यही वजह है कि क्रेडाई के इस भव्य आयोजन की कमान युवा बिल्डरों के हाथों में सौंपी गई है। इन्हीं युवा बिल्डरों ने प्रॉपर्टी बायर्स के आर्थिक लाभ को ध्यान में रखते हुए यह बड़ा फैसला लिया है कि एक्सपो में बुकिंग पर रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 प्रतिशत की छूट दी जाए, जिससे ग्राहकों को अपने बजट में लाखों रुपये की सीधी बचत होगी।

क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलछा, सचिव अभिषेक बच्छावत, आईपीपी संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष आयुष मोदी, प्रोग्राम चेयरमैन अशोक मूंदड़ा और प्रतीक केवलानी ने बताया कि क्रेडाई छत्तीसगढ़ से जुड़े 50 बिल्डर्स, 250 से भी अधिक प्रोजेक्ट्स लेकर इस एक्सपो में शामिल हो रहे हैं। बेस्ट प्रोजेक्ट, बेहतरीन लोकेशन, अफोर्डेबल बजट और आसान फाइनेंस जैसी सुविधाओं को इस तरह से संयोजित किया गया है कि जो भी व्यक्ति अपने घर का सपना लेकर एक्सपो में आए, उसका वह सपना जरूर पूरा हो; यही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। राज्य सरकार की नीतियों से भी छत्तीसगढ़ में प्रॉपर्टी खरीदने वालों को काफी रियायत मिल रही है। एक्सपो में विभिन्न बैंकों के स्टॉल भी मौजूद रहेंगे, जो ग्राहकों को आसान प्रक्रियाओं के साथ फाइनेंस की सुविधा प्रदान करेंगे। चूंकि सभी प्रतिभागी बिल्डर्स क्रेडाई के प्रमाणित सदस्य हैं, इसलिए ग्राहकों को लोन लेने में भी पूरी सहूलियत मिलेगी।

हर साल की तरह इस बार भी कई नए प्रोजेक्ट्स शामिल किए गए हैं, जिनका सीधा लाभ ग्राहकों को मिलेगा। इसके अलावा कई पुराने प्रोजेक्ट्स का विस्तार भी हुआ है। यदि आप रायपुर या अटल नगर - नवा रायपुर सहित राज्य के किसी भी क्षेत्र में प्रॉपर्टी लेना चाहते हैं, तो यह एक्सपो आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित होगा।

## इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी ने 'मित्र' पीएम मोदी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और सफलता की कामना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री को 'मित्र' कहकर संबोधित किया। उन्होंने लिखा, मैं 'अपने मित्र' पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देती हूं। उनके अच्छे स्वास्थ्य, ऊर्जा संपन्न और सफल बने रहने की कामना करते हुए उन्होंने भारत और इटली के बीच गहरी दोस्ती और आपसी सहयोग को आगे भी मजबूत करते रहने की भी बात कही। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। अमेरिका से लेकर अफ्रीकी देश अपनी शुभकामनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचा रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खास संदेश के साथ जन्मदिन की बधाई दी। इसमें उन्होंने भारत-रूस की साझेदारी को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की और ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान मिले सम्मान के लिए आभार जताया।

क्रेमलिन ने संदेश का कुछ हिस्सा साझा किया है। पीएम को सम्मानित शख्स बताते हुए लिखा, आप (पीएम मोदी) अपने देशवासियों और वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक सम्मानित शख्स हैं। भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में आपके व्यक्तिगत योगदान को जितना भी सराहा जाए, कम है। रूसी राष्ट्रपति ने हाल ही में दिल्ली में हुई ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (12-13 सितंबर) के लिए भारत का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की थी।

# भगवान विश्वकर्मा की प्रेरणा से श्रम और सृजन के सम्मान के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हम संकल्पित : मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर हर घर में जलाएं 'आशीर्वाद का दीप' : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर प्रदेशवासियों से आज शाम अपने-अपने घरों में प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना के साथ 'आशीर्वाद का दीप' जलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपना जीवन जनसेवा, राष्ट्र निर्माण और गरीब कल्याण के लिए समर्पित किया है। उनके जन्मदिन से प्रारंभ हुआ 'सेवा संकल्प अभियान' हम सभी को सेवा के इसी भाव को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने की प्रेरणा देता है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज बीरगांव के बुधवारी बाजार मैदान में आयोजित भगवान विश्वकर्मा पूजा एवं किसान-मजदूर सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन अनेक दृष्टियों से विशेष है। एक ओर सृजन, निर्माण और शिल्प के आराध्य भगवान विश्वकर्मा की जयंती है, वहीं दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। भगवान विश्वकर्मा हमें अपने कौशल, श्रम और सृजन से समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं और प्रधानमंत्री श्री मोदी का जीवन सेवा, समर्पण तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान के परिश्रम से हमारे अन्न के भंडार भरते हैं और श्रमिक के श्रम से विकास की आधारभूत संरचनाएं आकार लेती हैं। खेत से लेकर कारखाने तक, निर्माण स्थल से लेकर उद्योगों तक हमारे किसान, श्रमिक, कारीगर और शिल्पकार छत्तीसगढ़ की प्रगति के वास्तविक भागीदार हैं। विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प इन्हीं श्रमवीरों के सामर्थ्य, कौशल और परिश्रम से साकार होगा। राज्य सरकार उनके श्रम के सम्मान के साथ उनके परिवारों के जीवन में समृद्धि, सुरक्षा और खुशहाली लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कार्यक्रम से पहले उन्होंने माता परमेश्वरी, भगवान विश्वकर्मा और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। उन्होंने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, कौशल और निर्माण के प्रतीक हैं। उनका संदेश हमें श्रम को सम्मान देने और अपने कौशल के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। गरीब परिवारों के लिए पक्का आवास, घर-घर शौचालय, बिजली, नल से जल और जन-धन खातों के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने जैसी पहलों ने करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बनाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प देश के सामने रखा है। विकसित भारत का यह संकल्प केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य विकास और अवसरों का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तथा देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार ने भी वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का विजन तैयार किया है। हमारा लक्ष्य ऐसा समृद्ध, आत्मनिर्भर और आधुनिक छत्तीसगढ़ बनाना है, जिसमें गांव हो या शहर, किसान हो या श्रमिक, युवा हो या महिला - हर किसी को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से देशभर में सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ हुआ है। यह अभियान सेवा को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का व्यापक संकल्प बनाने का अवसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि आज शाम हर परिवार अपने घर में 'आशीर्वाद का दीप' जलाकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करे।

# वृद्धजनों के बीच सेवा-संवेदना के साथ मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस : पुरन्दर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा एवं जनकल्याण की भावना को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रायपुर उत्तर विधानसभा के श्याम नगर स्थित लायंस वृद्धाश्रम में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत फल वितरण कार्यक्रम में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात की और उन्हें फल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वृद्धजनों के बीच समय बिताते हुए उनकी कुशलक्षेम जानी तथा सेवा, सम्मान और संवेदना के भाव के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस मनाया।विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जीवन राष्ट्रसेवा, जनसेवा और अंत्योदय की भावना को समर्पित है। उनके जन्मदिवस को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश देता है। वृद्धजनों की सेवा और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना स्वयं में सौभाग्य और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक पहुंचकर उनके सुख-दुःख में सहभागी बनने का प्रयास किया जा रहा है।


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No.03-15/W/25837 Raipur, date 11.09.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Name of Work | NIT value i/c 18% GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | RFx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/ **2026/38** | Repair and maintenance of service road as and when required basis at ash dyke Jhabu of 4x210 MW HTPS, CSPGCL, Korba West. | 12,84,320/- | 12,900/- | 04 Months | 81000 54240 |

Note: -1. Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs. 500/- + 18% GST). 2. The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 05.10.2026 (up to 15:00 Hrs). 3. Bid opening date (Techno commercial bids) is 07.10.2026 (up to 16:00 Hrs). 4. Maintenance period for the work shall be Nil. 5. In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.

//Save Electricity// **SAMVAD - 49080/2**

Chief Engineer (Civil) AU & PC, CSPGCL, Raipur


# जीएसटी पदोन्नति में गड़बड़ी हुई तो ढाई साल से सरकार क्या कर रही थी : कांग्रेस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य जीएसटी परीक्षा की कथित गड़बड़ियो और 42 कर्मचारियों की पदोन्नति को रद्द करने को प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हाल ही में पीएससी परीक्षा की गड़बड़ियां उजागर होने के बाद डेमेज कन्ट्रोल के लिये सरकार अपने बचाव में जीएसटी परीक्षा की जांच रिपोर्ट पर आनन फानन में कार्यवाही किया है। यदि विभागीय परीक्षा की पदोन्नति में गड़बड़ी थी तो सरकार ढाई साल से क्या कर रही थी। केवल 42 कर्मचारियों का मामला था। इसका निराकरण दो तीन महीने में किया जा सकता था। कांग्रेस मांग करती है कि जांच समिति की रिपोर्ट और उसके द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रमाणों को सार्वजनिक किया जाना चाहिये। इस मामले में गड़बडियां होने के सरकार के दावे की सरकार पुष्टिजनक साक्ष्य सामने रखे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 2024 में 216 पदो पर पटवारी से राजस्व निरीक्षक (ऋद्ध) पदोन्नति परीक्षा की गड़बड़ी वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुई तथा विपक्ष के दबाव पर इसकी शिकायत पर जांच करके परीक्षा रद्द भी किया गया। तब जीएसटी के मात्र 42 पदो की जांच में इतना समय कैसे लगा और रिपोर्ट पीएससी परीक्षा की गड़बड़ी के बाद ही कैसे आयी? सरकार इसका जवाब दे। पीएससी परीक्षा के साक्षात्कार को रद्द कर के सरकार ने मान लिया है कि वर्ष 2024 और 2025 की परीक्ष में गड़बड़ी तो हुई है।

राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 2025 के सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार स्थगित करने का कांग्रेस अपर्याप्त बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केवल साक्षात्कार स्थगित करना ही समाधान नही है। आयोग 2025 के मुख्य परीक्षा की कापी भी अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराये ताकि अभ्यर्थी उनको दिये गये नंबरों का स्वमूल्यांकन कर संतुष्ट हो सके। आयोग ने 2025 की परीक्षा को मुख्य परीक्षा में 265 पदों के विरूद्ध 795 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू के लिये चयनित नहीं किया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./35388/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक :17-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35388**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR220J00352** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJKUMAR VIG** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री मनमोहन विग** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री राजकुमार विग** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सत्यापन, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बी-1, कॉपी** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./35346/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 17-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35346**
**वार्ड का नाम-43- ब्रम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759C00043** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LATA AALWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O DHARAMDAS ALWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JUHI DODWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **D/O SHRI NARESH KUMAR DODWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./34978/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 05-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 34978**
**वार्ड का नाम-44- स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739F0034K** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PANNA LAL NATTHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. RAMAN LAL NATTHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अंकुर गुप्ता** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सुशील कुमार गुप्ता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./35391/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 05-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35391**
**वार्ड का नाम-44- स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739B00150** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. ALTAF AHMED QURESHI, 2. MD. IMTIYAZ AHMED, 3. KANIZ FATIMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. LATE. SHAMSHAD AHMED, 2. LATE. MD. ISHAK AHMED, 3. LATE. NOUSHAD AHMED** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **फिरदौस फातिमा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **अमीर खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./35381/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 17-08-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35381**
**वार्ड का नाम-44- स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00305** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANJU MUNDHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. BRIJMOHAN MUNDHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मीना जैन, पति गौतम चंद जैन, व श्वेता जैन, पति अभिषेक जैन,** पिता/पति, श्री/श्रीमती **टैगोर नगर रायपुर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./34629/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 17-08-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 34629**
**वार्ड का नाम-34- पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224A00103** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HARUN SETH** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शहनाज सेठ, मोहम्मद युसूफ वो मोहम्मद ओवैस** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सभी पति/पिता स्व. मोहम्मद हारून सेठ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आवेदन पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, भू-स्वामी दस्तावेज, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्तिकर रसीद व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./34450/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 17-08-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 34450**
**वार्ड का नाम-64- डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656D00026** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. KISHAN BAI DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE DHARAMPAL DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **रोहित कुमार चंद्राकर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **बबला चंद्राकर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./35002/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 17-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35002**
**वार्ड का नाम-5 बंजारी माता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 5 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105H00626** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BUDHRAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JHAMAN SEN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1.NILKAMAL SEN 02. MUNENDRA KUMAR SEN 3.HEMIN SEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1.GHANSHYAM SEN 2. GHANSHYAM SEN 3.GHANSHYAM SEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./35363/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 17-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35363**
**वार्ड का नाम-16 वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107I0745A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **C H PRABHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **C H SITEYYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NUTAN JOSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURENDRA KUMAR JOSHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./35392/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 17-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35392**
**वार्ड का नाम-15 कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L00094** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHYAM BAI TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **USHA CHOUBEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LATE YUGAL KISHOR CHOUBEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /35266/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 12-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35266**
**वार्ड का नाम-08- महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 08 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226Z00359** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **S. SANKARAGOMATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S. BALAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAUREEN SHABA KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AYUB QURESHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /35367/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 16-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35367**
**वार्ड का नाम-08- महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 08 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226K00532** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GEETAKHARWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M. M. KHARWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DEBASIS GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHANKAR LAL GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /35095/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 16-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35095**
**वार्ड का नाम-07- कुशाभाउ ठाकरे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 07 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226E0294J** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAKUNTALA DEVI HARSHWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAVINDRA PRASAD HARSHWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सोहद्रा मिर्झा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दिनेश कुमार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /35348/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 16-09-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 35348**
**वार्ड का नाम-07- कुशाभाउ ठाकरे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 07 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226E0294N** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAKUNTALA DEVI HARSHWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAVINDRA PRASAD HARSHWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नर्गिस परवीन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मोहम्मद सलाम कुरैशी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# देव शिल्पी श्री श्री 1008 श्री विश्वकर्मा पूजा शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में धूमधाम से हुआ संपन्न

गोपाल सिंह विद्रोही

**बिश्रामपुर (दैनिक विश्व परिवार)**- श्री श्री 1008 भगवान विश्वकर्मा जी का जयंती पर क्षेत्र के विभिन्न शासकीय एवं अर्ध शासकीय कल कारखानों में धूमधाम से पूजा अर्चना एवं भक्ति गीतों का आयोजन के साथ संपन्न हुआ।

विश्रामपुर के एक्सल इंटरप्राइजेस, विपुल कोल केरियर प्राइवेट लिमिटेड ,ओर बीट केरियर प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कर संस्था के संचालक के के सिंघल ने पुत्र अश्वनी अग्रवाल के द्वारा ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के माध्यम से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद के के सिंघल, द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया ।जिसमें लोगों ने भगवान विश्वकर्मा का प्रसाद ग्रहण की। यहां प्रतिवर्ष भगवान विश्वकर्मा को भव्य भंडारा के साथ पूजा अर्चना की जाती है।

**एस ई सी एल विश्रामपुर कार्यशाला में भगवान विश्वकर्मा की हुआ पूजा। दिनभर चला भजन कीर्तन**- एसईसीएल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय कार्यशाला में कामगारों ने मनाया भगवान विश्वकर्मा की जयंती कार्यशाला प्रभारी पंडित धड़कन पांडे के मार्गदर्शन में श्रमिक नेता लखनपुरी कुर्रे, राजेंद्र प्रसाद हुई, हेमराज सिंह



,अजय उपाध्याय ,सुनील शर्मा ,सुरेश चतुर्वेदी, राजमणि, आरती देवी ,फूल कुमारी ,सुनीता टोप्पो ,देवकुमारी आदि ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई ।यहां कर्मचारियों के लिए भंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया गया कर्मचारियों में लखन कुर्रे ,राजेंद्र प्रसाद हुई जो कर्मचारी नेता के साथ-साथ क्षेत्रीय गायक भी है उनके नेतृत्व में भक्ति गीतों का आयोजन दिन भर होता रहा। यहां क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉक्टर संजय सिंह अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचकर भोग भंडारा में भाग लिया तथा कर्मचारियों को भगवान विश्वकर्मा की जयंती की बधाई देते हुए कर्मचारियों की सुख समृद्धि की कामना की।

**सतपता स्थित भगवती इंजीनियरिंग वर्कशॉप में धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा की जयंती**- बिश्रामपुर से लगे ग्राम पंचायत सतपता मुख्य मार्ग स्थित भगवती इंजीनियरिंग वर्क्स के संचालक प्रकाश शर्मा अपने अर्धांगिनी श्रीमती सारिका शर्मा, पुत्र विशाल शर्मा के साथ भगवान विश्वकर्मा का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की जिसमें संस्था के सभी कर्मचारी जिन में भैया लाल , अमरनाथ विश्वनाथ आदि के साथ धूमधाम से देव शिल्पी 1008 भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना की साथ ही कर्मचारियों का मिष्ठान कराया।

इसी प्रकार दैनिक बाजार स्थित मदन विशाल की दूकान सहित क्षेत्र के विभिन्न शासकीय एवं अर्धशासकी छोटे-बड़े सभी कारखाने में एवं प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई।

## गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी Z फोल्ड8 अब कम मासिक ईएमआई पर, सैमसंग इंडिया के गैलेक्सी फॉरएवर से खरीदना हुआ आसान

**गुरुग्रामः** सैमसंग इंडिया ने 'गैलेक्सी फॉरएवर' प्रोग्राम के तहत अपने सबसे नए फ्लैगशिप फोल्डेबल स्मार्टफोन्स - गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी Z फोल्ड8 के लिए एक नया आसान पेमेंट प्लान पेश किया है। यह प्लान सैमसंग के फोल्डेबल को खरीदना पहले से कहीं ज्यादा आसान और किफ़ायती बनाता है। इस 2 साल के प्रोग्राम के तहत, ग्राहक गैलेक्सी फॉरएवर प्रोग्राम फीस के साथ फोन की कुल कीमत का सिर्फ60 प्रतिशत 24 महीनों की किस्तों में चुकाकर फोन ले सकते हैं। इससे हर महीने की किस्त में 25 प्रतिशत की कमी आती है, जिससे भुगतान करना काफी आसान हो जाता है। इस प्लान के जरिए गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा की महीने की किस्त 9,417 रुपये से घटकर 6,997* रुपये हो जाती है, जबकि गैलेक्सी Z फोल्ड8 की किस्त 8,584 रुपये से घटकर 6,416* रुपये रह जाती है। 24 महीने की अवधि पूरी होने के बाद फोन की बाकी 40 प्रतिशत कीमत का भुगतान एक साथ यानी बुलेट पेमेंट करना होता है। इस गैलेक्सी फॉरएवर प्रोग्राम में 'सैमसंग केयर+' भी शामिल है, जो बिना किसी क्लेम चार्ज के फोन को दुर्घटना से होने वाले नुकसान और पानी से होने वाली खराबी से सुरक्षा देता है। इसका मतलब है कि ग्राहकों को अलग से सैमसंग केयर+ खरीदने की जरूरत नहीं है।

## जिला चिकित्सालय सूरजपुर में रक्तदान शिविर का शुभारंभ

### रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम, जरूरतमंद का जीवन बचाने आगे आएं - मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान के अंतर्गत एक माह तक विभिन्न जनसेवा, जनजागरूकता एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय सूरजपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस अवसर पर स्वयं स्वास्थ्य परीक्षण कराया और लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी



जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। आपातकालीन परिस्थितियों में कई बार समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता और जनभागीदारी बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करने का अवसर है। हमें छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करते हुए आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत 17 सितम्बर की शाम अपने घर में दीप जलाने का आह्वान किया।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं। सेवा संकल्प अभियान इसी सेवा भावना को जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक रूप देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से सेवा और जनकल्याण के कार्यों को नई गति मिलती है। प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर सेवा और मानवता की भावना को मजबूत करने वाला आयोजन है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान टीकाकरण सहित विभिन्न प्रयासों के माध्यम से लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सहायता मिली। उन्होंने नागरिकों से सेवा भाव के साथ समाज और जरूरतमंद लोगों के लिए योगदान देने की अपील की। जनपद पंचायत सूरजपुर की अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। समय पर उपलब्ध कराया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने तथा सेवा संकल्प अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदाताओं के स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त समूह जांच सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान में सहभागिता निभाई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, चिकित्सक, जनप्रतिनिधि, महाविद्यालयीन विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर निवास का बगीचा सवारने वाला पिता की पुत्री गायत्री ने नीट की परीक्षा में हुई सफल डॉ बनने बढ़ाया कदम

**गोपाल सिंह विद्रोही/ सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)** सेवा संकल्प अभियान समाज के हर वर्ग की मेहनत, उपलब्धियों और सपनों को सम्मान देने के साथ उन प्रेरक कहानियों को सामने लाने का माध्यम बन रहा है, जो दूसरों को आगे बढ़ने का हौसला देती हैं। अभियान की इसी भावना के बीच सामने आई है गायत्री सिंह की सफलता की कहानी, जिन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है। कलेक्टर निवास सूरजपुर में वर्ष 2014 से माली के रूप में सेवाएं दे रहे श्री ठाकुर प्रसाद की बेटी गायत्री सिंह ग्राम नुनेरा, विकासखंड उदयपुर, जिला सरगुजा की निवासी हैं। सीमित संसाधनों के बीच पली-बढ़ी गायत्री ने पढ़ाई को अपनी ताकत बनाया और डॉक्टर बनने का सपना देखा। आज नीट में सफलता हासिल कर उन्होंने अपने सपने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। गायत्री की इस उपलब्धि से माता-पिता सहित पूरा परिवार गौरवान्वित है। वह परिवार की पहली सदस्य हैं, जो डॉक्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

**कलेक्टर ने दी बधाई, आगे की पढ़ाई के लिए किया प्रोत्साहित**- गायत्री की सफलता पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने उनसे भेंट की। उन्होंने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने



पर गायत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर गायत्री को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर से मिले प्रोत्साहन ने गायत्री के उत्साह को और बढ़ाया।

**गायत्री ने दसवीं में देखा डॉक्टर बनने का सपना**- गायत्री ने कक्षा पांचवीं तक की पढ़ाई झिरमिटी प्राथमिक शाला से की। इसके बाद उन्होंने मिडिल स्कूल कक्षा 6वीं से कक्षा 12वीं एकलव्य विद्यालय कक्षा छठवीं से बारहवीं तक उन्होंने सन्ना में अध्ययन किया। पढ़ाई के दौरान ही कक्षा दसवीं में उन्होंने डॉक्टर बनने का लक्ष्य तय कर लिया था। कक्षा बारहवीं में बायोलॉजी विषय के साथ उन्होंने 69 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद अपने लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी जारी रखी।

अपने सपने को साकार करने के लिए गायत्री ने वर्ष 2025 में भिलाई जाकर कोचिंग ली। तैयारी के दौरान उन्होंने पढ़ाई को अपनी प्राथमिकता बनाया और प्रतिदिन लगभग 10 घंटे अध्ययन किया। नीट की तैयारी के दौरान उन्होंने मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। कोचिंग की पुस्तकों और अध्ययन सामग्री पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने नियमित रूप से पढ़ाई की। कठिन तैयारी के बीच उन्होंने अपने लक्ष्य से ध्यान नहीं भटकने दिया।

गायत्री अपनी सफलता का श्रेय निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास को देती हैं। उनका कहना है कि विद्यार्थी को सबसे पहले यह तय करना चाहिए कि उसे किस क्षेत्र में आगे बढ़ना है। इसके बाद लक्ष्य को लेकर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। वह कहती हैं कि हार या जीत की चिंता किए बिना स्वयं पर विश्वास रखते हुए मेहनत जारी रखनी चाहिए। यही निरंतर प्रयास सफलता की राह खोलती है।

नीट में सफलता की जानकारी मिलने के बाद गायत्री ने सबसे पहले अपनी मां के साथ यह खुशखबरी साझा की। बेटी की सफलता सुनकर माता-पिता सहित पूरा परिवार खुशी से भर उठा। गायत्री की माता श्रीमती कणिका सिंह आंगनबाड़ी में सहायिका के रूप में कार्यरत हैं। परिवार में गायत्री के दो भाई भी हैं। बड़े भाई मुनेश्वर सिंह फार्मेसी की पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि छोटे भाई नारायण सिंह कक्षा 9वीं में अध्ययनरत हैं। एक ओर पिता ठाकुर प्रसाद वर्षों से पौधों की देखभाल कर रहे हैं, वहीं उनकी बेटी अपनी मेहनत से अपने भविष्य को आकार दे रही है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत समाज के विभिन्न वर्गों की उपलब्धियों और प्रेरक कहानियों को सामने लाने की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में गायत्री सिंह की सफलता एक ऐसी कहानी है, जिसने परिस्थितियों को अपनी राह की बाधा नहीं बनने दिया। लक्ष्य तय किया, उसके लिए मेहनत की और नीट में सफलता हासिल की। अब उनका अगला पड़ाव डॉक्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ना है। गायत्री कहती है कि सपना चाहे कितना भी बड़ा हो, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो तो उसे हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकते है।

## Samsung at 30: भारत Samsung के लिए ग्लोबल इनोवेशन हब बन चुका है

**रायपुर।** भारत अब केवल वह इंडस्ट्री नहीं रहा जहां वैश्विक तकनीकों को पेश किया जाता है, बल्कि यह ऐसा देश बन चुका है जो दुनिया के लिए तकनीक की कल्पना, इंजीनियरिंग और विकास में योगदान दे रहा है। Samsung South West Asia के President और CEO JB Park ने Samsung के भारत में 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह बात कही। Park ने कहा, ÷भारत की जो बात मुझे सबसे अधिक प्रेरित करती है, वह यह है कि यह देश लगातार आगे बढ़ता है और उम्मीदों से आगे निकलता है। आज हम भारत को केवल 1.4 अरब लोगों के बाजार के रूप में नहीं देखते। हम भारत को ऐसी जगह के रूप में देखते हैं, जहां तकनीक का भविष्य कल्पित, विकसित और नेतृत्व किया जा रहा है। Samsung ने 1995 में भारत में प्रवेश किया था। पिछले तीन दशकों में, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल और इनोवेशन अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में विकसित हुआ है।

## टीचर्स एसोसिएशन ने नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा का किया स्वागत

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)**- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सूरजपुर ने जिले में पदस्थ नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा का स्वागत कर शिक्षक हित में कार्य करने का भरोसा जताया है ।

टीचर्स एसोसिएशन सूरजपुर का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह एवं जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर अशोक सिन्हा से मुलाकात कर जिला आगमन पर स्वागत करते हुए शिक्षकों के हित में कार्य करते हुए लंबित समस्याओं का समाधान करने की बात रखी है ।

टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह ने बताया कि अभी भी कई विकास खण्डों में सेवा पुस्तिका का नियमित संधारण नहीं किया जा रहा है व द्वितीय प्रति तैयार कर शिक्षकों को नहीं दिया गया है साथ ही सेवा पुस्तिका का सत्यापन अभी भी बहुत कम कराया गया है एवं जीपीएफ पास बुक का संधारण भी नियमित नहीं किया जा रहा है जिससे शिक्षक संवर्ग मानसिक रूप से परेशान है दिवंगत शिक्षकों के पेंशन सहित अन्य प्रकरण में अत्यधिक देरी हो रही है जो उचित नहीं है ।



टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने बताया कि परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर सूरजपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी उसमें सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए थे , उसके बाद कुछ विकास खण्ड में सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ पास बुक संधारण का कार्य किया गया परंतु अभी भी अत्यधिक प्रकरण लंबित है ।

वरिष्ठता सूची में सुधार हेतु कई बार आवेदन देने के बाद भी वरिष्ठता सूची में आवश्यक सुधार नहीं किया गया है बार -बार त्रुटि पूर्ण वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जा रहा है जिससे सभी शिक्षक संवर्ग परेशान है इन्होंने संबंधित अधिकारी से ध्यान देकर त्रुटि रहित वरिष्ठता सूची प्रकाशन करने की मांग की है ।

प्रतिनिधिमंडल में रंजय सिंह, भूपेश सिंह,चंद्रविजय सिंह,सुरविंद गुर्जर, बिजेन्द्र साहू,दीपक झा,मिथिलेश पाठक, पीतांबर सिंह मरावी,रमेश जायसवाल, संजय, प्रेम प्रकाश कुशवाहा, प्रेम दास गुप्ता, दशरथ राम, हेमसाय सिंह, संतोष मरकाम, रोशन कंवर, राम कुशल तिवारी, खिलानन्द सिंह, प्रदीप साहू, विजेंद्र सिंह, लच्छन राजवाड़े, डी.एन. राजवाड़े, मंजू टोप्पो, नीलू ठाकुर, शकुन्तला राजवाड़े,ज्वाला कुर्रे, अशोक शाक्या, खेलसाय सिंह, उमाकांत मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### वेदांता एल्युमिनियम: एल्युमिनियम में तेज़ी के लिए निर्मित

**रायपुर।** एल्युमिनियम दुनिया भर में उर्जा रूपान्तरण के लिए एक महत्वपूर्ण धातु बनता जा रहा है, विद्युतीकरण, नवीकरणीय उर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों, पावर इंफ्रास्ट्रक्चर और लाइटवेटिंग के लिए इस धातु की मांग बढ़ रही है। साथ ही, आपूर्ति भी तेज़ी से कम होती जा रही है, जिससे उत्पादकों के लिए बड़े पैमाने पर अनुकूल संरचना बन रही है। वेदांता एल्युमिनियम (एनएसईः वीएएमएलः 544780) एल्युमिनियम की ऊंची कीमतों से फायदा उठाने के लिए मजबूति स्थिति में है, पैमाना, संसाधनों की सुरक्षा, उत्पादन में बढ़ोतरी और लगातार बेहतर हो रहा लागत आधार मिलकर एक इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म बनाते है। एल्युमिनियम की कीमतें लगभग 3,300 डॉलर प्रति टन पर बनी हुई हैं। हाल ही में मार्केट में हुए समेकन के बावजूद एल्युमिना की कीमतें अपने सर्वोच्च स्तर से तेज़ी से कम हुई हैं। वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही में वेदांता एल्युमिनिय ने एल्युमिनियम के रिकॉर्ड उत्पाद न के साथ वॉल्यूम भी बढ़ाया है। इसका वैल्यू-एडेड एल्युमिनियम पोर्टफोलियो भी बढ़ रहा है, जिससे कंपनी अपनी इंटीग्रेटेड चेन में ज़्यादा लाभान्वित हो रही है।

### एलजीई इंडिया को टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज के रूप में किया गया सम्मानित



**रायपुरः** बेंगलुरु में आयोजित 25वें एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस अवार्ड्स 2026 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जो एक पीपल-फर्स्ट और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लीडरशिप डेवलपमेंट, ऑर्गेनाइजेशनल कैपेबिलिटी, वर्कप्लेस कल्चर, एम्प्लॉयी एक्सपीरियंस और टैलेंट डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपनी पहलों के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज के रूप में मान्यता दी गई है। इस पुरस्कार के साथ ही, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर (सीएचओ), श्री ज्वा नाम किम को एचआर ट्रांसफॉर्मेशन को आगे बढ़ाने और बिजनेस ग्रोथ में कर्मचारियों को एक रणनीतिक आधार के रूप में स्थापित करने में उनके नेतृत्व के लिए मोस्ट इम्पैक्टफुल एचआर लीडर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के हर एक सदस्य को समर्पित है। हमारी एचआर प्रैक्टिसेज हमेशा बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन से जुड़ी पहलों के साथ गहराई से जुड़ी रही हैं। जैसे ही हम अपनी ग्रोथ के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम ऐसी लीडरशिप, क्षमताओं, कल्चर और संगठन का निर्माण करें, जो हमारे कर्मचारियों और हमारे बिजनेस को एक साथ आगे बढ़ने में सक्षम बनाए।

### न्युवोको विस्टास के आरसमेटा सीमेंट प्लांट में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई देवशिल्प भगवान बाबा विश्वकर्मा जयंती

**आरसमेटाः** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी, के आरसमेटा सीमेंट प्लांट में आज देवशिल्प भगवान बाबा विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर न्युवोको टीम के सदस्यों ने देवशिल्प भगवान बाबा विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन कर सुख, समृद्धि, सुरक्षा एवं प्रगति की कामना की। कार्यक्रम में श्री रविंद्र धारकर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं प्लांट हेड, आरसमेटा सीमेंट प्लांट, सहित न्युवोको टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने देवशिल्प भगवान बाबा विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उन्हें निर्माण, शिल्प, तकनीकी कौशल, सृजन एवं कर्मठता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर श्री रविंद्र धारकर ने सभी को देवशिल्प भगवान बाबा विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, तकनीकी दक्षता एवं उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। उनकी प्रेरणा हमें अपने कार्यक्षेत्र में समर्पण, नवाचार, कुशलता और गुणवत्ता के साथ कार्य करने की सीख देती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान न्युवोको टीम ने सुरक्षित कार्यप्रणाली, तकनीकी उत्कृष्टता, गुणवत्ता एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# संपादकीय

## निवेशकों का विश्वास

जगदीशन के तीसरा कार्यकाल ना लेने के फैसले को एचडीएफसी बैंक में संस्थागत पुनर्गठन की जरूरत से जोड़ कर देखा गया है। अब बैंक के सामने कॉरपोरेट गवर्नेंस के उच्च मानकों की बहाली की कठिन चुनौती है। सामान्य स्थितियों में फिर नियुक्ति ना मांगने के एचडीएसी बैंक के महाप्रबंधक और सीईओ शशिधर जगदीशन की घोषणा को उनका निजी फैसला समझा जाता। मगर, जो हालिया पृष्ठभूमि है, उस कारण इस घटना से भारत के इस प्रमुख बैंक के बारे में चर्चित सवालों पर फिर ध्यान गया है। जगदीशन ने अक्टूबर 2026 में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्ति ना मांगने का निर्णय लिया है। इस कदम को बैंक में संचालन संबंधी अनसुलझे मसलों और एचडीएफसी हाउजिंग फाइनेंस कंपनी के साथ उसके विलय के बाद की चुनौतियों के बरकरार रहने का संकेत समझा गया है। उल्लेखनीय है कि जगदीशन का कार्यकाल बैंक में कॉरपोरेट गवर्नेंस से जुड़े विवादों से प्रभावित रहा। पूर्व गैर-कार्यकारी अध्यक्ष अतनु चक्रवर्ती के नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा देने, और महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से संबंधित डिपॉजिट प्रोक्योरमेंट विवाद से बैंक की साख को झटका लगा। क्रेडिट सुइस एटी-1 बॉन्ड सहित विदेशी संपत्तियों की बिक्री के मामले में जोखिम संभालने संबंधी बैंक के मानकों पर सवाल उठे। हालांकि वित्तीय मोर्चे पर बैंक में स्थिरता रही, लेकिन विलय के बाद उसके मुनाफे में आई कमी आई। उससे निवेशकों में उपजे संदेह के कारण शेयर बाजार में बैंक का प्रदर्शन कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया। लंबे समय तक भारतीय रिटेल बैंकिंग का गोल्ड स्टैंडर्ड माने जाने वाले इस बैंक के लिए ये रुझान चिंता का कारण बने हुए हैँ। आम चर्चाओं में बैंक में संचालन संबंधी गलतियों को लेकर कयास लगाए गए हैं। संदेह जताया गया है कि हालिया वर्षों में ऐतिहासिक स्थिरता के रिकॉर्ड से बैंक भटक गया है। इसीलिए जगदीशन के तीसरा कार्यकाल ना लेने के फैसले को बैंक में संस्थागत पुनर्गठन की जरूरत से जोड़ कर देखा गया है। अब बैंक प्रबंधन के सामने जगदीशन के उत्तराधिकारी की अविलंब खोज और कॉरपोरेट गवर्नेंस के उच्च मानकों की बहाली की कठिन चुनौती है। एचडीएफसी की भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए उसके अंदर की घटनाओं पर सबकी निगाह होना लाजिमी है। इसे समझते हुए बैंक के कर्ता-धर्ताओं को निवेशकों का विश्वास फिर हासिल करने के ठोस कदम जल्द उठाने चाहिए।

# बहुआयामी मोदी का विराट स्वरूप अभी आना बाकी है

- मेहनत से हर पल देश को और जीवंत करते मोदी
- प्रेरणा के शाश्वत प्रखर पुंज पीएम मोदी
- सतत चलते रहने का नाम है नरेंद्र मोदी
- जीवेत शरद: शतम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वें जन्मदिवस पर विशेष





पिछले 25 सालों से अनवरत लगातार मेहनत करते रहने के पीछे की प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस बच्ची से पाते हैं जो अपने छोटे भाई को पीठ पर रखकर लगातार ऊंचे पहाड़ पर चढ़ती जा रही है, जब लड़की से एक आदमी पूछता है कि तुम्हें यह बोझ नहीं लग रहा है तो वह धीरे से मुस्कराते हुए कहती है कि यह मेरा अपना छोटा भाई है। इसलिए यह मुझे बोझ नहीं लगता बल्कि उसके पीठ पर रहने से मुझे और ताकत मिलती है। मैं अभी और ऊंचा पहाड़ चढ़ना चाहती हूं। इस बच्ची से प्रेरणा पाने वाले हमारे यशस्वी और कर्मठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश के विकास पर हर पल सतत सक्रिय हैं। उनकी राजनीतिक कला कौशल का यह सबसे बेहतर नायाब उदाहरण है कि पिछले 25 सालों से लगातार देश के जन-जन में प्रधानमंत्री मोदी अपनी चिर परिचित कार्य प्रणाली से बेहद प्रतिष्ठित आयाम के साथ लगातार स्थापित होते जा रहे हैं। मुझे लगता है कि निकट भविष्य में देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का और विराट प्रखर स्वरूप देखने को मिलेगा। क्योंकि 76 साल की उम्र में भी 35 के नवयुवक की भाँति अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18-18 घंटे लगातार अथक परिश्रम कर रहे हैं। उनका अब तक का सेवा काल अतुलनीय और अनुकरणीय है। लोक हितैषी कार्यों को जनता के बीच निरंतर ले जाए जाने की उनकी योग्यता समूचे देश को पता है। तभी तो देश के सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य स्वभाव को पूरी तरह आत्मसात करते जा रहे हैं। लेकिन इसी बीच कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार जनता को उनके लिए भ्रमित करने की कोशिश भी कर रहे हैं, जिसका मुंहतोड़ जवाब भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर एक माह तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के दौरान भाजपा केंद्र की मोदी सरकार, छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार और पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों और जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल उपलब्धियां बताना ही नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर जनसेवा करना भी है। अभियान के तहत समाज का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों,पद्मश्री से अलंकृत हस्तियों और उत्कृष्ट सांस्कृतिक कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा। मैं तो भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूं कि जनसेवा के इस महाअभियान के जरिए भाजपा के जनाधार को और अधिक मजबूत करना है। जनता तक सरकार की हर एक उपलब्धि पहुंचाना है और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ दिलाना है। मेरी नजर में यही इस सेवा पखवाड़े का मुख्य संकल्प है। देश में विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए 'पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें 30,000 करोड़ रुपए से अधिक के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों को पूरा किया जाएगा। ये सभी कार्य आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति को गति देंगे। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान' और साइबर क्राइम व 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़ी शिकायतें भी दूर की जाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी सड़क, बिजली, औद्योगिक कॉरीडोर और मेट्रो रेल क्षेत्रों के विकास पर लगातार जोर दे रहे हैं। उनका मानना है कि बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में देरी न केवल लागत बढ़ाती है, बल्कि लोगों और उद्योगों को समय पर मिलने वाले लाभों से भी वंचित कर देती है। लिहाज़ा वे ऐसी कमियों को सिलसिलेवार दूर करने को प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी से संबंधित शिकायतों पर भी संवेदनशील हैं। उन्होंने नागरिकों को ठगने के लिए डिजिटल मंचों के बढ़ते दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है।और ऐसे मामलों का सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा समन्वित, संवेदनशील और समयबद्ध तरीके से निपटारा किए जाने के आदेश भी दिए हैं। समूची दुनिया में युद्ध और कलह के इस दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जीडीपी ग्रोथ रेट उच्चतम रखने को कृत संकल्पबद्ध हैं और इसे देशवासियों की इच्छाशक्ति, मेहनत और सामूहिक ताकत का नतीजा क़रार देते हैं। साथ ही वैश्विक आर्थिक संकट के बीच लोगों से गैर-जरूरी सोने की खरीदारी से बचने की अपील भी करते हैं। देश के सामाजिक आर्थिक विकास पर ध्यान रखने के साथ-साथ विश्व के नेताओं के बीच भी अपनी धाक कायम रखने में भी पीएम नरेन्द्र मोदी का कोई सानी नहीं है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक कुल 36 अंतरराष्ट्रीय और वैश्विक सम्मान मिल चुके हैं। हाल ही में अगस्त 2026 में उज्बेकिस्तान ने उन्हें अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन युद्ध खत्म करने की अपील की है। 31 अगस्त 2026 को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से इतर दोनों नेताओं की मुलाकात हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध का हर दिन मानवता को पीछे ले जाता है और दुनिया को अंतहीन युद्ध से निकलकर युद्ध खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।पीएम मोदी यह भी कहते हैं कि भारत शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करता है। बिश्केक में पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भी नजर आई। इसके अलावा चीनी राष्ट्रपति की प्रसन्नतापूर्वक मौजूदगी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का सफ़ल परिचायक है।

बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर सांसद और पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार

# आलेख

## अनोखे शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जन्मदिन पर असंख्य बधाई



**अजय मधुकर काले**



आज 17 सितंबर को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का जन्मदिन है। भगवान विश्वकर्मा को हिंदू धर्म में सृष्टि के प्रथम शिल्पकार, वास्तुकार और निर्माण कला का देवता माना जाता है। भगवान विश्वकर्मा ने सोने की लंका, भगवान कृष्ण की द्वारका नगरी, और पांडवों के लिए इंद्रप्रस्थ का निर्माण किया था। उन्होंने देवताओं के लिए कई अस्त्र-शस्त्र बनाए, जिनमें इंद्र का वज्र भी शामिल है। हम भारतवासी उनके जन्मदिन को श्रम दिवस के रूप में मनाते है। और संयोग यह है कि हमारे प्रधानमंत्री जी की भी जन्मदिन आज के ही दिन पड़ता है। उनकी बचपन से अब तक की यात्रा को देखेगें तो हमें अनुभव होगा कि किन विपरित स्थितियों में राज्य का फ्रि देश के प्रधान सेवक की महत्त्वपूर्ण जबाबदारी कर्तव्य के रूप में निभा रहे है। वे आज बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत बन गए है। पहले कोई निर्णय ही न लेना सबसे बड़ा निर्णय होता था, लेकिन मोदी जी ने देश के विकास में रिस्क लेते हुए धड़ाधड़ निर्णय लेकर विकास के सारे रास्ते खोल दिए। नोटबंदी हो, एक देश एक कर त्रस्ज्ञ हो, कश्मीर का 370 का प्रकरण हो या महिलाओं के उत्थान के लिए ट्रिपल तलाक का मामला हो, देश में स्वच्छता का जनजागरण हो, शौचालय निर्माण हो, सिगड़ी के धुएँ से मुक्ति हेतु उज्ज्वला गैस हो या गांव गांव में विद्युत उपलब्धता हो, निर्धन को भी बैंक खाता ओपन कर के सहायता हो, कृषकों की आय बढ़ाना हो बेरोज़गारों को स्वरोजगार के लिए बैंक से सहयोग हो, महामारी कोरोना में स्वास्थ्य सुरक्षा जान बचाना हो, विश्व में भारत को इज्जत दिलाना हो, लोकल को स्वदेशी जागरण हो या राष्ट्र प्रेम जागरण करना हो, क्या लिखे क्या छोड़े, हर बड़े छोटे निर्णय के पीछे प्रॉपर प्लानिंग क्रियान्वयन रिजल्ट सफ्लता। कार्य करते समय लोगों के ताने, अपेक्षित रिजल्ट न मिलने के बाद भी उत्साह में कोई कमी नहीं दोगने उत्साह से कार्य करना। यह सब सीखने अनुकरण करने के लिए है। कोई भी उम्र के है कोई भी प्रोफेशन से है कोई भी व्यवसाय से है चाहे श्रमिक हो या उद्योग जगत से हो पक्ष से हो या विपक्ष से हो सीखना चाहिए कि विपरित परिस्थितियों में धैर्य के साथ कैसे स्थिति अनुकूल हो सकती है। विकास के लिए क्या-क्या कदम उठाने होंगे कैसे सबको अपना बनाना है और उसके लिए खुद को हमेशा अपडेट करते रहना है। राजनीति में हर निर्णय के पीछे विरोध जिन मुद्दों पर होता है उससे भी सीख लेकर विशाल भारत का नेतृत्व करना जहां कहा जाता है कि कोयले की दलाली में हाथ काला होता है से भी बेदाग छबि बनाना अनुकरणीय है। व्यक्ति कार्य करता है उसके अधीनस्थ भी पूरी ईमानदारी निष्ठा से कार्य करें, ये असंभव होता है परंतु पूरे टीम से एक विजन उद्देश की पूर्ति हेतु कार्य कराना कार्य करने की प्रेरणा देना स्वयं कार्य करना ये सिर्फ हमारे पूज्यनीय प्रधानमंत्री ही कर सकते है। आज जन्मदिन के अवसर पर असंख्य शुभकामनाएं। हमेशा आप से पूरे देशवासी प्रेरणा लेते रहे, घर समाज राष्ट्र को मजबूत करते रहे।

**लेखक: महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष और मोटिवेशनल स्पीक है।**

# प्रदेशभर में होंगे जनसेवा के कार्यक्रम...

**धनंजय राठौर**

सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक महीने का देशव्यापी अभियान है। इसका मकसद मोदी के सेवा और विकास से जुड़े कामों को लोगों तक पहुंचाने के साथ जनसेवा के कार्यक्रमों को बढ़ाना है। इन कार्यक्रमों में रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, स्कूलों में प्रतियोगिताएं आदि शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करना, विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लेना, केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाना तथा प्रत्येक परिवार की सहभागिता के साथ व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के (मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में) निरंतर जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यकाल के सम्मान में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाला एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। सेवा गतिविधियां में नागरिकों को रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण, जल संरक्षण और डिजिटल साक्षरता जैसी 25 सेवा गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। श्रमदान के रूप में नागरिकों से कम से कम 25 मिनट श्रमदान करने की अपील की गई है, जिसकी फोटो या वीडियो माई भारत पोर्टल पर अपलोड करने पर डिजिटल प्रमाण-पत्र मिलेगा। विशेष कार्यक्रम के रूप में 17 सितम्बर 2026 को आशीर्वाद का दीया, नमो सेवा गाथा के तहत संभागीय मुख्यालय रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर (सरगुजा), और जगदलपुर (बस्तर), के आडिटोरियम में संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन से समन्वय कर प्रस्तावित तिथि अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नमो सेवा गाथा अंतर्गत नुक्कड नाटक, नृत्य नाटिका जिले केस्थानीय कलाकार के माध्यम से सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। सेवा सेतु अभियान (विकासखंडों में बहुउद्देशीय शिविर) और सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज जैसी अभिनव गतिविधियां आयोजित होंगी। इन गतिविधियों का संचालन शासकीय विभागों के साथ-साथ नागरिकों तथा सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से भी किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सभी आयु वर्ग की महिलायें, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, स्वैच्छिक संगठन, शैक्षणिक संस्थाएँ, स्वयं-सहायता समूहों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों को सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा।

कब से कब तक चलेगा अभियान यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। 17 सितंबर को पीएम मोदी का जन्मदिन है, जबकि 7 अक्टूबर को उनके सार्वजनिक पद पर 25 साल पूरे होंगे। 17 अक्टूबर 2026 को अभियान का समापन बड़े कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। अभियान के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच स्कूल और कॉलेजों में ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किये गए सेवा कार्यो और विकसित भारत की संकल्पना पर जानकारी दी जाएगी और ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, प्रदर्शनियां, सेमिनार और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां होंगी। ब्लॉक स्तर पर 'सेवा सेतु' शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में मदद दी जाएगी। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगनवाड़ी केंद्रों में 'आंगन का उत्सव' आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पोषण, मातृ सहायता, टीकाकरण तथा महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी जाएगी। कार्यक्रमों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनका सम्मान भी किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और परिवारों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

**कहानी बदलाव की'में सामने आएंगी सफलता की वास्तविक कहानियां**

अभियान के दौरान 'कहानी बदलाव की' पहल के तहत शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की वास्तविक सफलता की कहानियों का संकलन किया जाएगा। इन कहानियों के माध्यम से यह बताया जाएगा कि सरकारी योजनाओं का प्रभाव किस तरह आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। हितग्राहियों की सफलता की कहानियां अन्य पात्र नागरिकों को भी योजनाओं का लाभ लेने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। स्कूलों में विकसित भारत 2047 विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। 'नमो सेवा' के तहत नुक्कड़ नाटक और आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'आंगन मिलन सेवा' जैसे कार्यक्रम भी रखे गए हैं। पिछले 25 वर्षों के सेवा कार्यो में, प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएं और देश में आए बदलावों की कहानी को एक सरल, भावनात्मक और संगीतपूर्ण नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से गाँव - गाँव तक पहुंचाया जाएगा। यह कार्य प्रदेशभर के स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत, सामुदायिक केंद्र एवं अन्य सार्वजानिक स्थलों पर आयोजित किया जाएगा । 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत करीब 50 ऐसे स्थान चुने जाएंगे, जिन्हें बीजेपी मोदी सरकार के दौर में हुए बदलाव का उदाहरण मानती है। इनमें गुजरात की गिफ्ट सिटी और बस्तर जैसे स्थान शामिल हैं। सोशल मीडिया क्रिएटर्स को भी इन जगहों पर ले जाने की योजना है।

# जानबूझकर विपक्ष खराब कर रहा देश की छवि

**उमेश चतुर्वेदी**



भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की इस प्रवृत्ति को राष्ट्रीयता बनाम राजनीति के बहस के दायरे में लाकर राहुल गांधी पर सवालों की बौछार करती रहती है। यह बात और है कि ऐसे ही बयान देने या उनका समर्थन करने वाले अखिलेश यादव और चंद्रशेखर रावण जैसे नेताओं के बयानों को नोटिस तक नहीं लेती। पश्चिमी एशिया और रूस-यूक्रेन की लड़ाई के चलते दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खा रहीं हैं। ऐसे में जब यह आंकड़ा आए कि देश की जीडीपी की विकासदर 7.8 प्रतिशत रही है तो अव्वल तो खुशी का माहौल होना चाहिए था। लेकिन इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विवाद की बुनियाद बना है पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग का दावा। उनका कहना है कि जीडीपी आधार को 86 लाख करोड़ से घटाकर 80 लाख करोड़ कर दिया है। इस लिहाज से यह दर शून्य से लेकर 2.6 प्रतिशत तक ही बैठती है। सरकार के आंकड़ों की कोई पूर्व रसूखदार अधिकारी खिल्ली उड़ाए और उसे विपक्ष न ले उड़ता तो हैरत ही होती। लेकिन ऐसा हो रहा है। इसकी वजह यह है कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ी वैचारिक खाई निजी खुन्नस और दुश्मनी तक पहुंच गई है। इस वजह से दोनों ही पक्षों में एक-दूसरे को लेकर भरोसे का रिश्ता नहीं रह गया है। यही वजह है कि देश को जोड़ने और आगे बढ़ाने वाले जब भी कोई मुद्दा या आंकड़ा सामने आता है, विपक्ष उसकी विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े करने लगता है। राजनीतिकख़बरें पढ़ें ऐसा नहीं कि अतीत में विपक्ष सरकार को नहीं घेरता रहा है। लेकिन तब भी यह ध्यान रखा जाता था कि राष्ट्रीय हितों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को लेकर ऐसे कदम न उठाए जाएं या ऐसे बयान न दिए जाएं, जिससे देश की छवि पर आंच पहुंचे। अगर ऐसा नहीं होता तो मानवाधिकार के मामले पर नेता प्रतिपक्ष पाकिस्तान की मुखालफत करने के लिए जेनेवा जाने वाले सरकारी दल की अगुआई नहीं करता। पीवी नरसिंह राव की सरकार ने तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को ना सिर्फ भारतीय प्रतिनिधिमंडल दल का नेता बनाकर भेजा था, बल्कि पाकिस्तान के इरादे को नेस्तनाबूद करके लौटे प्रतिनिधिमंडल का प्रोटोकाल तोड़कर दिल्ली के हवाई अड्डे पर स्वागत भी किया था। भारत ने जब-जब परमाणु परीक्षण किया, तत्कालीन विपक्ष उसके साथ रहा। वाजपेयी के पोखरण परीक्षण के बाद तो अमेरिका ने भारत पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे, लेकिन कांग्रेस ने तब भी वाजपेयी सरकार पर सवालिया निशान नहीं लगाए थे। लेकिन आज के दौर में अगर मोदी सरकार ऐसा कोई परीक्षण करती है तो उससे आज का विपक्ष सबूत मांगेगा। यह भी हो सकता है कि विदेशी धरती पर जाकर राहुल गांधी इसका प्रत्यक्ष सबूत और परीक्षण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी मांग दें। ठीक इसी तरह जीडीपी के आंकड़ों को लेकर भी मोदी सरकार को झूठा ठहराने की कोशिश हो रही है। चीन गलवान कांड के दौरान भारतीय सीमावर्ती कमांड के चीफरहे जनरल को बर्खास्त कर देता है, फ्रि भी राहुल गांधी की अगुआई में विपक्ष अब भी प्रचारित करने से परहेज नहीं कर रहा है कि गलवान घाटी में भारतीय सेना को चीन ने हराया और चीन भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। ऐसी बयानबाजी अगर एक-दो बार होती तो उसे अनदेखा भी किया जा सकता था। लेकिन विपक्ष, विशेषकर राहुल गांधी की ओर से बार-बार ऐसे बयान दिए जाते हैं, जिसका संकेत तो यही लगता है कि वे भारत की छवि को खराब कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की इस प्रवृत्ति को राष्ट्रीयता बनाम राजनीति के बहस के दायरे में लाकर राहुल गांधी पर सवालों की बौछार करती रहती है। यह बात और है कि ऐसे ही बयान देने या उनका समर्थन करने वाले अखिलेश यादव और चंद्रशेखर रावण जैसे नेताओं के बयानों को नोटिस तक नहीं लेती। वैसे विदेशों में भारतीय व्यवस्था पर बार-बार सवाल उठाया गया है। मसलन राहुल गांधी ने बोस्टन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। तब उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग 'कंप्रोमाइज्ड' है और इसके सिस्टम में 'बहुत गलत' है। हालांकि चुनाव आयोग ऐसे आरोपों का जवाब देता रहा, लेकिन विपक्ष की जुबान नहीं रूकी। इसी तरह बीते लोकसभा चुनाव के बाद अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में राहुल ने कहा था, 'भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा हुआ है, अब यह लड़ रहा है।' इसी तरह सितंबर 2023 में राहुल ने यूरोपीय यूनियन को संबोधित करते हुए ब्रसेल्स में कहा था कि भारत में भेदभाव और हिंसा बढ़ रही है। इस तरह के बयानों से राहुल जहां भारत के आंतरिक मामलों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाते रहे हैं, वहीं इसके जरिए वे भारतीय संस्थाओं को खुद ही बदनाम करते हैं। इसी तरह मई 2022 में लंदन में 'आइडियाज फॉर इंडिया' सम्मेलन में राहुल ने कहा था कि भारतीय संस्थाएं 'परजीवी' बन गई हैं। तब उन्होंने भारतीय संस्थाओं मसलन सीबीआई और ईडी को 'डीप स्टेट' कह दिया था। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत की तुलना पाकिस्तान से भी कर दी।

# जीवन में अहंकार नहीं सरलता जरूरी : मुनि विनम्र सागर जी

- जैन मंदिरों में गूंजे जयकारे, पर्यूषण पर्व पर धार्मिक प्रतियोगिताओं को लेकर उत्साह

**ललितपुर (विश्व परिवार)।** दूसरों की बुराई नहीं अपने को देखने में ही धर्म है। जिसको मन को समझने की इच्छा आ गई तो समझो धर्म समझने की बुद्धि आ गई यही मार्दव धर्म है। अपने जीवन को ऐसा बनाए कि कोई दो बाते कहकर हल्का हो जाए। जैन पार्श्वनाथ जैन अटा मंदिर में पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन मार्दव धर्म पर आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि श्री विशद सागर महाराज ने धर्म सभा मे उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा हमारी परम्परा है हम बड़ों के चरणों में झुकते हैं तो हमारे यहां वडे पहले ही झुकने वाले को अपना लें और अपनी छाती से लगा लें। मार्दव का अर्थ




इतना सरल हो जाओ कि बड़े तुम्हें अपना बना लें। मुनि श्री ने बताया मार्दव धर्म अहंकार दोडकर नम्रता की प्रेरणा देता है जिसको अपनाने में ही जीवन का कल्याण है।

धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलन श्रेष्ठीजनों एवं मंगलाचरण अनीता मोदी द्वारा किया गया। धर्मसभा में अनीता जैन, श्रुति जैन, वरिष्ठि जैन, अर्चित जैन ने तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन किया जबकि अर्घ समर्पण करने का पुण्यार्जन शीलचंद अभिषेक जैन अनौरा परिवार द्वारा किया गया गया। धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया।

प्रात:काल बाहुबलि भगवान की वेदिका पर प्रभु अभिषेक के उपरान्त मुनि शिव सागर महाराज द्वारा शान्तिधारा का पुर्याजन किया गया। इस दौरान उन्होने धर्मसभा में श्रावकों को मार्दव धर्म की महत्ता बताते हुए व्यवहारिक रूप से से जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित किया। मध्यान्ह में मुनि श्री विशद सागर महाराज ने तत्वार्थ सूत्र को अपने चिन्तन द्वारा समझाया।

सायकाल नगर के जैन मंदिरों में सामूहिक आरती के उपरान्त अतिशय क्षेत्र अभिनंदनोदय तीर्थ में जितेन्द्र शास्त्री, जैन अटा मंदिर में अमित जैन शास्त्री, इलाइट जैन मंदिर में प्रिंस शास्त्री, शान्तिनाथ जिनालय में वहिन रिया जैन अंशिका जैन, अदिनाथ जैन मंदिर नईंवरती में रेशु जैन, सिमी जैन बाहुबलि नगर में इशिताजैन द्वारा शास्त्र सभा के माध्यम से पर्यूषण पर्व में धर्म की महत्ता को बत्ताया जा रहा है। अभिनंदनोदय तीर्थ में सुधा कलश भक्ताम्मर महिला मण्डल के तत्वावधान में एक मिनिट प्रतियोगिता सुषमा जेन सीमा मोटर्स के संयोजन में हुई जिसमें विजेता प्रतियोगियों को पुरूष्कृत किया गया प्रतियोगिता की संयोजना में सुधा जैन सिमरा, रेखा जैन, रुवी जैन, श्वेता, श्रद्धा, कल्पना, प्रीति, रश्मि जैन समीक्षा जैन का योगदान रहा। नगर के जैन नया मंदिर में आचार्य विद्यासागर पाठशाला के संयोजन में कौन बनेगा भाग्यशाली प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। गौरतलव रहे इन दिनों आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज प्रभावक शिष्य मुनि श्री विशद सागर महराज एवं शिव सागर महाराज के ससंघ चातुर्मास से नगर के जैन मंदिरों में प्रवचनों के माध्यम से दस धर्मों की अपूर्व प्रभावना हो रही है जिनको सम्पन्न कराने में नगर की स्वयंसेवी संस्थाओं के अतिरिक्त दिगम्बर जैन पंचायत के पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निर्वाहन कर रहे हैं।

# अहंकारी फूल तो सकता है फल नहीं सकताः मुनि श्रमण सागर जी

- उत्तम मार्दव धर्म पर प्रवचन

**राघौगढ़ (विश्व परिवार)।** जैन धर्म के दस लक्षण धर्म पर्व के द्वितीय दिन उत्तम मार्दव धर्म पर मंगल उपदेश देते हुए मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा अहंकारी व्यक्ति जीवन में कभी सफल नहीं हो सकता। उसे एक दिन निश्चित ही अपमानित होना पड़ेगा। आपने कहा अहंकार में सब गया धन वैभव और वंश, न मानो तो देख लो रावण, कौरव कंस। मुनिराज ने उदाहरण देते हुए समझाया एक विद्वान पंडित जी थे उनसे जो भी शास्त्रार्थ में हार जाता था उसे जल समाधि लेनी पड़ती थी। उनके आश्रम में अनेकों विद्वान हार गए और जल समाधि लेकर मर गए। एक पंडित जी जो उनसे शास्त्रार्थ में हार गए थे उनकी जल समाधि के बाद उनके चार वर्षीय बेटे ने संकल्प लिया कि मैं इन्हें शास्त्रार्थ में हरा कर रहूंगा और उसने उन्हें शास्त्रार्थ में हरा दिया उस विद्वान का नाम था अष्टांग बक्र, उसने उन विद्वान पंडित जी को जल समाधि



न देकर उन्हें अपने अहंकार का स्मरण कराया और जीवन दान देकर उन्हें ही अपना गुरु बनाया और उनसे कहा कि अगर आप अहंकार में सैकड़ो विद्वानों को जल समाधि नहीं देते तो आज सैकड़ो विद्वान होते उनसे सब भी को ज्ञान अर्जन का अवसर मिलता। आपने कहा रावण विद्वान था यह बात सुनने में अच्छी लगती है जबकि एक विद्वान रावण हो सकता है यह बात सुनने में अच्छी नहीं लगती है। आगे कहा पाप से गिरना घ्रणा करो, पापी से नहीं, वह वक्त भी गुजर गया यह वक्त भी गुजर जाएगा। प्रवचन के समापन में मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने स्वरचित कविता सुनाई शीर्षक था अपने आप को भी कभी झांक कर देखो।

दस लक्षण पर्व के द्वितीय दिन उत्तम मार्दव धर्म के दिन प्रात: काल से पूजन अभिषेक शांति धारा हुई दोपहर में कक्षाएं चली। दोपहर में प्रतिदिन जैन ग्रंथ तत्वार्थ सूत्र की दस गाथाएं 10 नन्हे मुन्ने बच्चे कंठस्थ कर सुना रहे हैं। रात्रि में सामूहिक आरती भक्ति के बाद श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से पधारे अनिकेत शास्त्री जी के मंगल प्रवचन होते हैं।

# णमोकार सेवा के मनोज छाबड़ा को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार प्रदान

**छत्रपति संभाजीनगर (विश्व परिवार)।** नासिक में आयोजित एक समारोह में आनंदी यूनिवर्स फाउंडेशन की ओर से महाराष्ट्र के विभिन्न सामाजिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नामांकित व्यक्तियों को 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में छत्रपति संभाजीनगर के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, णमोकार एसएमएस सेवा के संचालक एवं सकल जैन समाज के सक्रिय कार्यकर्ता मनोज छाबड़ा को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुरुदक्षिणा सभागृह, गोखले एजुकेशन सोसायटी, नासिक में आयोजित समारोह में प्रसिद्ध मराठी फिल्म अभिनेत्री पूजा मालोडे, आनंदी यूनिवर्स फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष गणेश विटेकर एवं प्रिया छाबड़ा की उपस्थिति में मनोज छाबड़ा को यह सम्मान प्रदान किया गया।

मनोज छाबड़ा पिछले 15 वर्षों से



णमोकार एसएमएस सेवा के माध्यम से धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सोशल मीडिया के जरिए पूरे महाराष्ट्र में नि:शुल्क पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही सकल जैन समाज के अंतर्गत भगवान महावीर चौक स्थित महावीर स्तंभ की पिछले 6 वर्षों से नियमित स्वच्छता अभियान भी चला रहे हैं। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान निरंतर जारी है। अब तक वे 29 रक्तदान शिविरों का आयोजन कर चुके हैं, जिसके माध्यम से अनेक जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है।

# दशलक्षण पर्व के दूसरे दिन मान कषाय छोड़कर उत्तम मार्दव धर्म को किया अंगीकार

- जैन भजन तंबोला प्रतियोगिता में प्रियंका जैन ने एवं प्रश्नमंच में राजुल मोदी ने बाजी मारी।
- पर्यूषण महापर्व में धार्मिक अनुष्ठानों की मची धूम।

**तालबेहट (ललितपुर) (विश्व परिवार)।** सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित कसबे के दोनों जैन मंदिरों में दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही। सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुँचकर उत्तम मार्दव धर्म को अंगीकार किया। कसबे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पं. संतोष कुमार जैन शास्त्री अमृत के निर्देशन में अभिषेक-शांतिधारा, पूजन-विधान का आयोजन किया गया। संतोष शास्त्री ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा दूसरा दिन उत्तम मार्दव का होता है, जो हमें आठ प्रकार के मदों से दूर रहकर अभिमान को तजने की प्रेरणा देता है।



इससे जीवन में मृदुता और विनम्रता आती है। वहीं वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में बाल ब्रह्मचारिणी मानी दीदी झाँसी के निर्देशन में अभिषेक-शांतिधारा की क्रियाएँ संपन्न की गयी। जिसमें नीलेश गरेठा, चक्रेश बुढ़पुरा, राजेंद्र नयाखेड़ा, धर्णेन्द्र खजराहा, अशोक कड़ेसरा एवं कपिल मोदी ने प्रमुख भूमिका निभाई। नित्यमय पूजन के उपरांत भक्तामर एवं दशलक्षण महामंडल विधान किया। विधान मंडप पर अरुणा, अंजू, अलका, शिखा, सोनम, शेवी, मिनी एवं मुस्कान जैन ने अष्ट मंगल स्थापित किये। दोपहर की बेला में तत्वार्थ सूत्र का स्वाध्याय किया। सायं कालीन बेला में संगीतमय आरती में भक्तों ने झूमते नाचते हुए भक्ति प्रस्तुत की। श्रेष्ठीजनों ने आचार्य श्री का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर धर्म सभा का शुभारंभ किया। मानी दीदी ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा सांसारिक विषय भोग अभिलाषा, वस्त्र-आभूषण नहीं छोड़ सकते हो तो यह दशलक्षण पर्व हमें इनको सीमित करना सिखाता है। उन्होंने कहा शांति आने से पहले ही लोग चाहत की क्रांति मचा देते हैं। हमें उपादान और विवेक को जागृत करना है। वास्तु का स्वभाव धर्म और हमारा स्वभाव क्षमा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नमंच में राजुल मोदी विजयी रहीं। जैन भजन तंबोला प्रतियोगिता में प्रियंका जैन प्रथम एवं छायांशी जैन, रजत बबीना, वीर जैन, अनमोल भंडारी, नीतू जैन, अवनि भंडारी, अरविंद विरधा विजयी रहे।

# ऋजुता अर्थात सरलता धारण करना ही आर्जव धर्म है: संजय जैन बड़जात्या

**कामवन (विश्व परिवार)।** दस लक्षण पर्व के क्रम को दृष्टिगत करे तो चार कषायों अर्थात क्रोध,मान,माया और लोभ का शमन प्रारम्भिक चार धर्म क्रमश क्षमा,मार्दव,आर्जव और शौच के माध्यम से होता है। जब हम क्रोध का त्याग कर क्षमा को धारण कर लेते हैं तो स्वत: ही मार्दव अर्थात मान का मर्दन हो जाता है। जब व्यक्ति का मान गलित हो जाता है तो फिर तीसरा धर्म आर्जव जिसे सरल भाषा मे समझे तो ऋजुता का समावेश जीवन मे हो जाता है।



दसलक्षण धर्म के तीसरे दिवस उत्तम आर्जव धर्म का बीजारोपण होता है। क्योंकि जब तक हृदय में ऋजुता नहीं होगी तब तक कोई बीज अंकुरित नहीं होगा और अकड़न तो वैसे भी मुर्दा की पहचान है। जीवन को सरल रेखा की तरह ही व्यतीत करना उत्कृष्ट व सज्जन व्यक्तित्व की निशानी है। उत्तम आर्जव धर्म व्यक्ति को बनावटी दुनिया से बाहर निकालता है। आज प्रत्येक व्यक्ति मोबाइल से लेस है, क्योंकि आज मोबाइल की दुनिया है। आप ही बताओ क्या जैसे आप इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया पर दिखते हो असल जिंदगी में भी वैसे ही हो क्या? नहीं आप जैसे हो वैसे दिखते नहीं,जैसे आप दिखते हो वैसे नही हो। आर्जव धर्म तो कहता है जो है वह रहें, जो नहीं है वैसे बनने का प्रयास करना तो छल व मायाचारी है। मायाचार ही मोक्ष मार्ग का सबसे बड़ा अवरोधक है। व्यक्ति के शरीर का सबसे खूबसूरत हिस्सा उसका दिल (हृदय) है मगर वही साफ ना हो तो मात्र चमकता चेहरा किसी काम का नहीं।

# मान महा-विषरूप, मार्दव अमृत स्वरूप : पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर गुरुदेव जी

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर गुरुदेव ने कहा कि धर्म ही मंगल है, धर्म ही उत्तम है, धर्म ही शरण है और धर्म ही परम सुख-शांति का उपाय है। संसार-सागर से पार होने के लिए धर्म जहाज के समान है और तारने वाले निर्ग्रन्थ गुरु हैं। यह शान्ति पथ प्रदर्शक है।

### अहंकार छोड़ो, नम्रता धारण करो

अहंकार, मान कषाय है। मान के अभाव होने पर 'मार्दव' धर्म प्रकट होता है। छल, कपट और मान नरक के द्वार पर ले जाते हैं। अहंकारी, मानी निश्चित ही मरण कर नरकादि दुर्गतियों को प्राप्त करता है।

### नम्र में उठना है, जो नम्र बनो

नम्रता, सरलता एवं गुरुजनों की मूल-विधा है। अहंकार, मान दुष्टता का चिन्ह है। नारकी में



क्रोध कषाय, तिर्यंचों में माया कषाय, देवों में लोभ कषाय एवं मानवों में मान कषाय की प्रधानता होती है। मानी, अहंकारी व्यक्ति सर्वनाश कराने तैयार हो जाता है, सर्वनाश उसे स्वीकार है, पर वह झुकना स्वीकारता नहीं है।

### झुकेगा, वही उठेगा

जो झुकता है, वही गगन में उठता है। ऊँचाइयाँ प्राप्त करना है, तो झुकना सीखो। उठना है, तो नम्रता सीखो। विनय मानव-जीवन का श्रृंगार है। जो विनय से झुकना सीख लेता है, उसकी दुनिया विनय करती है। विनय से शत्रु भी प्रसन्न हो जाता है। विनय करने वाला त्रिलोक में प्रसिद्धि प्राप्त करता है। जो नम्रता है, वह मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ बनाती है। अहंकार को छोड़कर विनय को धारण करना चाहिए। मार्दव धर्म ही आत्मा को शुद्ध और निर्मल बनाता है। मान मत करो, मार्दव धर्म स्वीकार करो। अहंकारी का शत्रु ही सर्व नाश हो जाता है। अहंकारी के मित्र भी शत्रु बन जाते हैं।

### कौन प्रिय? कौन अप्रिय

जो हमारे राग की पुष्टि करता है, वह हमें अच्छा लगता है और जिससे हमारे राग की पुष्टि नहीं होती है, वह प्रिय नहीं लगता है। वस्तु तो जैसी है वैसी ही है। न वह सुन्दर है, न वह असुन्दर है। जो हमें प्रिय लगता है उसके दोष भी दृष्टिगोचर नहीं होते हैं और जो अप्रिय लगता है उसके गुण भी छुपा रूप दिखाई नहीं देते हैं।

# राजेश जैन राही संकल्प साहित्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित



**राउरकेला (विश्व परिवार)।** संकल्प संस्थान राउरकेला (उड़ीसा) द्वारा 14 सितंबर 2026 हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित विमोचन एवं सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कवि राजेश जैन राही को संकल्प साहित्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर तीन पुस्तकों का विमोचन हुआ।

1- वर्षा कादमावाला वारि का पहले काव्य संग्रह 'मन की उजली धूप'।

2- हिंदी गज़ल और कृष्ण कुमार प्रजापति संपादन डॉ अनिरुद्ध सिन्हा।

3- मधुकर मिश्र की प्रतिनिधि गज़लें संपादन डॉ कृष्ण कुमार प्रजापति।


मंच पर मूर्धन्य साहित्यकारों डॉ कृष्ण कुमार प्रजापति राउरकेला, डॉ अनिरुद्ध सिन्हा मुंगेर, श्री विजय स्वर्णकार नोएडा, श्री राहुल शिवाय (श्वेतवर्ण प्रकाशन, दिल्ली) श्री अजय प्रजापति जमशेदपुर की उपस्थिति रही।

# णमोकार मंत्र की साधना से अहंकार का हिमालय भी पिघल सकता है: अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी

- पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म का संदेश; बोले -जहां णमोकार है, वहां अहंकार नहीं

**सोनकच्छ (विश्व परिवार)।** पर्वों के पर्वराज पर्युषण महापर्व के दूसरे चरण 'उत्तम मार्दव धर्म' के अवसर पर पुष्पगिरी तीर्थ सोनकच्छ में धर्म और साधना का वातावरण बना हुआ है। परम पूज्य पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य श्री पुष्पदंत सागरजी महाराज के सानिध्य में व्रत चक्रवर्ती पट्ट विभूषण अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय श्री पियूष सागरजी महाराज ससंघ वर्षायोग के लिए विराजमान हैं। उनके सानिध्य में पर्युषण महापर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है।

पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन



प्रात:काल उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने उत्तम मार्दव धर्म की व्याख्या करते हुए अहंकार त्यागने का संदेश दिया।

आचार्य श्री ने कहा कि णमोकार मंत्र का उपासक अहंकार कैसे कर सकता है? क्योंकि जहां णमोकार है, वहां अहंकार नहीं और जहां अहम है, वहां अर्हम् नहीं।

उन्होंने कहा कि णमोकार और अहंकार दोनों विपरीत धाराएं हैं। णमोकार पूरब है तो अहंकार पश्चिम, णमोकार उत्तर है तो अहंकार दक्षिण। दोनों एक साथ नहीं रह सकते। मनुष्य के जीवन में विनय और नम्रता होगी तो अहंकार स्वत: दूर होता जाएगा।


### पांच बार 'णमो' का संदेश

आचार्य श्री ने कहा कि णमोकार मंत्र में पांच बार 'णमो' शब्द आता है। इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक संदेश है। अहंकार मनुष्य के भीतर बहुत जटिल और सूक्ष्म रूप में रहता है। इसलिए बार-बार नमन करने की भावना से अहंकार को चोट पहुंचती है और विनय का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि णमोकार मंत्र की फुहार से अहंकार का हिमालय भी पिघल सकता है। अहंकार का पिघलना, गलना और मिटना ही उत्तम मार्दव धर्म है।

# जितना झुकोगे, उतना ही ऊपर उठोगे, मान-अहंकार छोड़ विनम्रता अपनाएं : मुनिश्री समतासागर जी

**कुण्डलपुर (विश्व परिवार)।** दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत उत्तम मार्दव धर्म की व्याख्या करते हुए निर्यापक श्रमण मुनिश्री समतासागर जी महाराज ने कहा कि दस दिनों में धर्म को दस नामों से संबोधित किया जाता है, लेकिन ये दसों धर्म एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। धर्म समुद्र है तो दस लक्षण उसकी लहरें हैं, धर्म सूर्य है तो दस लक्षण उसकी किरणें हैं और धर्म खिला हुआ पुष्प है तो दस लक्षण उसकी पंखुरियां हैं। जिस प्रकार लहर समुद्र से अलग नहीं होती, उसी प्रकार दसों धर्म आत्मधर्म की ही अभिव्यक्तियां हैं।राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' एवं क्षेत्रीय प्रचार मंत्री जयकुमार जैन 'जलज' ने बताया कि मुनिश्री समतासागर जी महाराज ने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ और धार्मिक



आयोजनों तक सीमित नहीं है। आत्मा में धर्म की अभिव्यक्ति हमारे भाव, वचन और व्यवहार में दिखाई देती है। दशलक्षण धर्म की साधना का सार शांति, समता और सद्भावना में निहित है। जहां ये भाव विकसित होते हैं, वहां वैर, विवाद और संघर्ष के स्थान पर सौहार्द का वातावरण बनता है।मार्दव धर्म को समझाते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी जगह की कल्पना कीजिए जहां सिंह और गाय एक ही घाट पर पानी पी रहे हों, सांप और नेवला साथ खेल रहे हों तथा बिल्ली और चूहा भी भय और वैर छोड़कर साथ दिखाई दें। ऐसा वातावरण शांति, समता और सद्भावना के साम्राज्य का प्रतीक होगा। मार्दव का अर्थ केवल मधुर बोलना नहीं, बल्कि भीतर से विनम्र, सहज, लचीला और समभावी बनना है।मुनिश्री ने आचार्य श्री के साथ विहार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि हवा में फल से लदी पेड़ों की डालियां झुक रही थीं। आचार्य श्री ने संकेत किया कि फल से लदी डालियां स्वाभाविक रूप से झुक जाती हैं। प्रकृति का यह संदेश है कि जिसके जीवन में गुण आते हैं, उसके व्यवहार में विनम्रता स्वत: आने लगती है। जो व्यक्ति हर बात में 'मैं-मैं' करता है और परिस्थिति के अनुसार झुकने या समायोजन के लिए तैयार नहीं होता, उसके भीतर गुणों का विकास अभी अधूरा है। मुनि श्री ने बताया कि गुरुवर सुनाया करते थे कि हम हाथी के साथ तो चल सकते हैं अपने साथी के साथ नहीं चल सकते।इसी भाव को आगे बढ़ाते हुए मुनिश्री पवित्रसागर महाराज ने मान-अहंकार के दुष्परिणामों को हाथी के उदाहरण से समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपनी नाक, प्रतिष्ठा और मान-सम्मान को लेकर इतना सजग रहता है कि उसका जीवन कई बार इसी 'नाक' को ऊंचा रखने में बीत जाता है। वह मान के लिए खाता-पीता, उठता-बैठता और व्यवहार करता है, लेकिन अंतत: जिस नाक को प्रतिष्ठा का प्रतीक मानता है, उसे भी जीवन की आवश्यकताओं के लिए झुकाना पड़ता है।

मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य अपने रूप, रंग, बुद्धि, शक्ति, शरीर, पहनावे और उपलब्धियों का भी अभिमान करता है। कभी अपनी विशालता और शक्ति पर गर्व करने वाला हाथी भी मनुष्य के नियंत्रण में रहता है। उसके माथे पर पैर रखकर उसे चलाया जाता है और कई बार एक छोटा बच्चा भी उसे नियंत्रित कर लेता है। यह प्रसंग बताता है कि बाहरी विशालता ही वास्तविक महानता नहीं है। हाथी के 'स्तंभेरम' नाम का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि बचपन में उसे एक छोटे खंभे से बांध दिया जाता है। बाद में उसमें इतनी शक्ति आ जाती है कि वह बड़े वाहनों को भी पलट सकता है, फिर भी पुरानी धारणा के कारण वह उसी छोटे खंभे से बंधा रहता है।

# उत्तम मार्दव धर्म अहंकार के विसर्जन की प्रेरणा देता है आचार्य श्री 108 विनम्रसागरजी महाराज

**छत्रपति संभाजीनगर (विश्व परिवार)।** पर्युषण महापर्व के द्वितीय दिवस, गुरुवार (17 सितंबर) को उत्तम मार्दव धर्म के पावन अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री 108 विनम्रसागरजी महाराज ससंघ के मंगल सान्निध्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



नवाबपुरा स्थित श्री आचार्य गुप्तिनंदीजी सभागृह, गणधर वलय विधान निर्मित श्री हीराचंद कस्तूरचंद कासलीवाल (हीराकाका) प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर सौधर्म इंद्र बनने का पुण्यार्जन श्री प्रवीणकुमारजी, डॉ. शैलेशकुमारजी एवं श्री मानकचंदजी चांदीवाल परिवार, ढाकलगांववाला तथा सौ. ललितादेवी, श्री अनिलकुमारजी, सौ. पूजाजी, श्री हर्षलजी एवं कु. मिहिका सेठी परिवार को प्राप्त हुआ।

वहीं, राजाबाजार स्थित जैन मंदिर में विजयादेवी, निलेश एवं नितीन सेठी परिवार को सौधर्म इंद्र बनने का पुण्यार्जन प्राप्त हुआ। उनके करकमलों से भगवान श्रीजी का अभिषेक किया गया। वहीं शांतिधारा का सौभाग्य राखीदेवी, किरण, निखिल एवं खुशबू गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ।

## सैमसंग इंडिया ने लॉन्च की 2026 बेस्पोक एआई अप्लायंसेज़ रेंज

**गुरुग्राम:** सैमसंग इंडिया ने आज अपनी 2026 बेस्पोक एआई अप्लायंसेज़ रेंज लॉन्च की, जिसे उपभोक्ताओं की जिंदगी आसान और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गुरुग्राम में आयोजित 'द ब्रीफ गुरुग्राम' नामक अत्याधुनिक अनुभवात्मक इवेंट में सैमसंग ने दिखाया कि कैसे एआई अलग-अलग प्रोडक्ट कैटेगरी को जोड़ने का माध्यम बनता है। क्लाइमेट कंट्रोल, लॉन्ड्री, लिविंग रूम और किचन जैसी कैटेगरी अब स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म के जरिए एक इकोसिस्टम में जुड़ जाएंगी, जो आदतें सीख सकता है, काम अपने आप कर सकता है और ऊर्जा खपत को बेहतर बना सकता है। 2026 बेस्पोक एआई रेंज में सहज टचस्क्रीन, एडवांस्ड वॉयस इंटेलिजेंस और समावेशी डिज़ाइन दिया गया है, जिससे हर किसी को एक कनेक्टेड, इस्तेमाल में सहज और सुरक्षित स्मार्ट होम अनुभव मिलेगा। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट एंड सीईओ जेबी पार्क ने कहा, ÷हमारी 2026 बेस्पोक एआई रेंज अलग-अलग तरह की लाइफस्टाइल को समझने के लिए बनाई गई है, ताकि यह आपके घर की एआई साथी बनकर असल जिंदगी में आपके काम आ सके। हमारा मकसद एक ऐसा एआई होम बनाना है जहां टेक्नोलॉजी आपके जीने के तरीके के हिसाब से ढले, न कि आपको टेक्नोलॉजी के हिसाब से ढलना पड़े।

# मोदी के जन्मदिन को सेवा संकल्प नहीं, बेरोजगारी और महंगाई दिवस के रूप में मनाए - सुखचंद बेसरा

### कांग्रेस ने मोदी सरकार पर उठाए सवाल, पूछा–अच्छे दिन कब आएंगे, किसानों की आय दोगुनी कब होगी?




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। जिला कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा और बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय, नोटबंदी और जीएसटी सहित कई मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और समर्पण के रूप में मना रही है, लेकिन जनता के सामने रोजगार, महंगाई, किसानों की समस्याओं और चुनावी वादों से जुड़े सवाल आज भी मौजूद हैं। कांग्रेस ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है तो विपक्ष की नजर में इसे बेरोजगारी, महंगाई, वादाखिलाफी और किसान समस्याओं से जुड़े सवालों के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

रोजगार और किसानों के मुद्दे पर सवाल

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 2014 के बाद रोजगार और किसानों की आय बढ़ाने को लेकर किए गए वादों का अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आया। पार्टी ने पूछा कि हर साल दो करोड़ रोजगार देने के दावे का वास्तविक आंकड़ा क्या है? किसानों की आय दोगुनी हुई या नहीं और एमएसपी से जुड़े वादों की वर्तमान स्थिति क्या है?

नोटबंदी को लेकर कांग्रेस ने आरबीआई के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि बंद किए गए नोटों की लगभग पूरी राशि बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गई थी। पार्टी ने इसके आधार पर नोटबंदी के कालेधन विरोधी उद्देश्य और परिणामों पर सवाल उठाया। जीएसटी की जटिलताओं और बदलावों को लेकर भी छोटे कारोबारियों की परेशानियों का मुद्दा उठाया गया।

**पेट्रोल-डीजल और महंगाई पर घेरा-** कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क को लेकर भी सवाल उठाए। पार्टी ने कहा कि ईंधन की कीमतों और करों का सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है। किसानों के लिए खाद, एमएसपी और कृषि लागत तथा युवाओं के लिए रोजगार और भर्ती परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार से जवाब मांगा गया।

**छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' पर सवाल-** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ सरकार के चुनावी वादों का भी हिसाब मांगा। एक लाख सरकारी नौकरी, 500 रुपये में रसोई गैस, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण, बेरोजगारी भत्ता, छात्रों के परिवहन पास, 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ और किसानों से जुड़े वादों की प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से महंगाई, रोजगार, किसानों की आय, स्मार्ट सिटी, आवास, उज्ज्वला योजना, रुपये की स्थिति, गंगा सफाई, स्वास्थ्य-शिक्षा और 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य समेत कई मुद्दों पर जवाब मांगा। पार्टी ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों के साथ जनता से जुड़े सवालों का जवाब आंकड़ों के साथ देना भी जरूरी है।

# गली-मोहल्लों और बाजारों में कुत्तों का आतंक, राहगीरों में बढ़ रही दहशत

### आवारा कुत्तों के लिए पर्याप्त शेल्टर और व्यवस्थित व्यवस्था का सवाल, गंभीर घटना के बाद जागेगा प्रशासन

### गंभीर घटना का इंतजार तो नहीं

**राजेश दनानी**



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा से लेकर कुम्हारपारा तक बस स्टैण्ड से, रेल्वे प्लेटफार्म तक कुत्तों की समस्या नई नहीं है, लेकिन इसका स्थायी समाधान अब भी नजर नहीं आता। सवाल यह है कि प्रशासन किसी गंभीर घटना जगदलपुर शहर की गलियों और मोहल्लों से लेकर बाजार बस स्टैंड और रेलवे प्लेटफॉर्म तक आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही हैं। कई स्थानों पर झुंड में घूमते कुठे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती हैं। बच्चों, बुजुर्गों और अकेले आने-जाने वालों में कुत्तों के हमले को लेकर डर बना रहता है। शहर के सार्वजनिक स्थलों पर जहां बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है, वहां आवारा कुत्तों की मौजूदगी सबसे अधिक चिंता का विषय है। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर यात्रियों के बीच के बाद कार्रवाई करेगा या उससे पहले ही प्रभावी व्यवस्था तैयार की जाएगी। नगर निगम के सामने चुनौती केवल कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने की नहीं, बल्कि आक्रामक, बीमार और घायल कुत्तों के लिए सुरक्षित व्यवस्था करने की भी है।

निगम के पास आंकड़ों की जानकारी नहीं जानकारी के अनुसारक में कितने आवारा कुतों की न हुई, कितनों को एंटी-ट लगाया गया, कितने डॉग बाइट के मामले सामने आए और कितने को रेस्क्यू कर उपचार अथवा में रखा गया, इस संबंध में निगम के पास ठोस आंकड़े का आभाव है। ऐस में यह स्पष्ट होना चाहिए कि शहर आवारा कुत्तों के लिए स्थायी शेल्टर अथवा एबीसी सेंटर की क्या व्यवस्था है। समस्या का समाधान कुत्तों को केवल एक स्थान से पकड़कर दूसरे स्थान पर छोड़ देना नहीं है। प्रभावी व्यवस्था में नसबंदी, टीकाकरण, उपचार, नियमित निगरानी और आक्रामक कुत्तों के लिए अलग सुरक्षित व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। घूमते कुत्तों से कभी भी अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। वहीं स्कूलों के आसपास भी कुत्तों के झुंड नजर आने से अभिभावकों की चिंता बढ़ रही है।

# भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की, चले जूते-चप्पल



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश के साथ-साथ जगदलपुर में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा भव्य जश्न की तैयारियां की जा रही थीं। इसी कड़ी में ऐतिहासिक दंतेश्वरी मंदिर के सामने दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होने के लिए प्रदेश के गृह मंत्री और वन मंत्री भी विशेष रूप से पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन का कड़ा विरोध शुरू कर दिया।

**कांग्रेस के विरोध का कारण-** आम श्रद्धालुओं की असुविधाः कांग्रेस नेताओं का कहना था कि जन्मदिन का जश्न मनाना गलत नहीं है, लेकिन इसके लिए मंदिर में आम लोगों और श्रद्धालुओं के दर्शन पर रोक लगाना पूरी तरह अनुचित है। छोटे व्यापारियों का नुकसानः विरोध जता रहे नेताओं ने आरोप लगाया कि दीपोत्सव और ट्रैफिक व्यवस्था के नाम पर कार्यक्रम स्थल के आसपास से छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को जबरन हटाया गया, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हुआ।

नारेबाजी के बीच बढ़ा विवाद, पुलिस ने संभाला मोर्चा

कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर एकत्रित हो गए। देखते ही देखते दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए और स्थिति काफी उग्र हो गई। दोनों पक्षों की ओर से जोरदार नारेबाजी के बाद बात हाथापाई तक पहुंच गई। कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई और एक-दूसरे पर जूते-चप्पल चलाए गए। घटनास्थल पर अचानक बिगड़ते हालात को देखकर मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तुरंत मोर्चा संभाला। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अलग-अलग किया और समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया।

# सेवा संकल्प अभियान : उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने महारानी अस्पताल में किया रक्तदान

### सेवा संकल्प अभियान के तहत युवाओं को मानव सेवा के लिए किया प्रेरित




जगदलपुर, 17 सितंबर 2026/ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के सफल 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से पूरे देश और प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनसेवा और समर्पण की भावना से प्रेरित होकर यह विशेष अभियान पूरे एक माह तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान माह भर समाज और जनसरोकार से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में जनसेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने गुरूवार को महारानी अस्पताल पहुँचकर स्वयं रक्तदान किया। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करने और जरूरतमंदों के लिए रक्त की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महारानी अस्पताल तथा शासकीय मेडिकल कॉलेज, डिमरापाल में वृहद रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने शिविर में मौजूद अन्य रक्तदाताओं से आत्मीय भेंट कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने समाज के प्रति युवाओं की इस संवेदनशीलता और निस्वार्थ सेवा भाव की मुक्तकंठ से सराहना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक यूनिट रक्त आपातकालीन स्थितियों, गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं में घायलों के लिए जीवनरक्षक साबित होता है। इसके साथ ही उन्होंने शिविर में दिन-रात सेवा दे रहे चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्वयंसेवकों के समर्पण की भी प्रशंसा की।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन जनसेवा, राष्ट्र निर्माण और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उनके 25 वर्षों के इस सेवा पथ से प्रेरणा लेकर ही सेवा संकल्प अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत अगले एक महीने तक समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए विविध कार्य किए जाएंगे। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे भी इस अभियान से जुड़कर नियमित रक्तदान को अपनी आदत बनाएं और पीड़ित मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने महारानी अस्पताल में एड्स के प्रति जागरूकता, बचाव और इसके उपचार के आधुनिक संसाधनों पर आधारित एक ज्ञानवर्धक नाटक का मंचन भी देखा। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस नाटक के माध्यम से बीमारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने और समय पर आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने का संदेश दिया गया। उप मुख्यमंत्री ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि जनजागरूकता स्वास्थ्य अभियानों की सफलता की सबसे मजबूत कड़ी है।

महारानी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में आयोजित शिविरों में आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उप मुख्यमंत्री के स्वयं रक्तदान करने से शिविर में मौजूद युवाओं का उत्साह दोगुना हो गया। दिनभर चले इस शिविर में बड़ी संख्या में रक्त यूनिट एकत्रित की गई, जिससे स्थानीय ब्लड बैंकों में रक्त की उपलब्धता और अधिक सुदृढ़ होगी।

**उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने महारानी अस्पताल परिसर में किया पौधरोपण-** इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और एक पेड़ माँ के नाम की भावना को बढ़ावा देते हुए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने महारानी अस्पताल परिसर में विधिवत पौधरोपण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प दोहराते हुए आमजनों से भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर महापौर श्री संजय पांडेय, युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय खन्ना सहित जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जागरूक रक्तदातागण उपस्थित थे।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.
## निविदा आमंत्रण सूचना

**क्रमांक-4515/NIT-14/2026-2027/ व ले लि दिनांक : 11/09/2026**

एकीकत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आईटी क्र निविदा क्र. | कार्य का नाम No0fCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 14 T0083 | वियां उपसंभाग मंत्रालय रायपुर अंतर्गत शंकर नगर के गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 5000.00 |
| 14 T0084 | वि./यां. उपसंभाग मंत्रालय रायपुर अंतर्गत पुलिस कमिश्नर ऑफिस सेक्शन के गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत का कार्य । प्रथम आमंत्रण | 4.00 | 4000.00 |
| 14 T0085 | वि./यां. उपसंभाग मंत्रालय रायपुर अंतर्गत एसडीएम, तहसील कार्यालय में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 5000.00 |
| 14 T0086 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग धमतरी के अंतर्गत विश्राम गृह एवं विश्राम भवन में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण | 8.00 | 6000.00 |
| 14 T0087 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग धमतरी के अंतर्गत जिला प्रशासन के भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण. | 8.00 | 6000.00 |
| 14 T0088 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग धमतरी के अंतर्गत न्याय प्रशासन के भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण. | 8.00 | 6000.00 |
| 14 T0089 | लो नि वि वि यां. उपसंभाग धमतरी के अंतर्गत फायर स्टेशन भवनों एवं गैरेज में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण | 9.99 | 7493.00 |
| 14 T0090 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत पेंशन बाड़ा एवं बैरन बाज़ार सेक्शन के आवासीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 8.00 | 6000.00 |
| 14 T0091 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत पेंशन बाड़ा एवं बैरन बाज़ार सेक्शन के गैर आवासीय भवनों में स्थापित सबमर्सिबल पंप हेतु मरम्मत एवं रखरखाव कार्य प्रथम आमंत्रण | 4.00 | 4000.00 |
| 14 T0092 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थापित वाटर पंप सबमर्सिबल पंप, मोनोब्लॉक पंप, प्रेशर पंप इत्यादि हेतु मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 5000.00 |
| 14 T0093 | लोनिवि (वियां) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थापित एल. ई डी साइन बोर्ड का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। प्रथम आमंत्रण | 1.20 | 2000.00 |
| 14 T0094 | लो नि वि (वियां) उपसंभाग विधानसभा रायपुर के अंतर्गत राज्य अतिथि गृह पहुना एवं विधायक विश्राम गृह संगवारी अनुभाग में स्थापित वाटर पंप सबमर्सिबल पंप, मोनोब्लॉक पंप. प्रेशर पंप इत्यादि हेतु मरम्मत एवं रखरखाव कार्य प्रथम आमंत्रण | 4.00 | 4000.00 |
| 14 T0095 | लोनिवि (वियां.) उपसंभाग विधानसभा के अंतर्गत विधायक विश्राम गृह संगवारी अनुभाग में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 5000.00 |

नोट:- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 24/09/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

कार्यपालन अभियंता
नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

G- 262703324/4

# गरियाबंद में पहली बार गूंजेगा दाई के दुलरवा जस झांकी पटपर का भव्य आयोजन

### गांधी मैदान में 18 सितंबर की रात सजेगा भक्ति का दरबार, देवी जस गीतों के साथ जीवंत होंगी पौराणिक झांकियां






**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** गणेश उत्सव के अवसर पर गरियाबंद शहर में इस बार भक्ति, आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। गोवर्धन पारा गणेश उत्सव समिति, वार्ड नंबर 06 गरियाबंद के तत्वावधान में शहर में पहली बार छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध ÷दाई के दुलरवा जस झांकी पटपर÷ मंडली की भव्य प्रस्तुति होने जा रही है। कार्यक्रम 18 सितंबर 2026 की रात 8 बजे गांधी मैदान, गरियाबंद में आयोजित किया जाएगा।

आयोजन में देवी जस गीतों की भक्तिमय प्रस्तुति के साथ माता काली के अद्भुत स्वरूप और विभिन्न पौराणिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं को कलाकारों द्वारा झांकियों के माध्यम से जीवंत रूप दिया जाएगा, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

गरियाबंद में पहली बार होने जा रहे इस भव्य आयोजन को लेकर जिलेवासियों में खासा उत्साह है। सोशल मीडिया पर भी कार्यक्रम को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। आयोजन की भव्यता को देखते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और दर्शकों के गांधी मैदान पहुंचने की उम्मीद है।

कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन समिति ने बताया कि गांधी मैदान में भव्य मंच तैयार किया जा रहा है। दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महिलाओं और बुजुर्गों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

छगन यादव ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मां की भक्ति और आस्था का पर्व है। उन्होंने जिलेवासियों से पूरे परिवार के साथ गांधी मैदान पहुंचकर इस भव्य भक्तिमय आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की।

**मुख्य आकर्षण**

दाई के दुलरवा जस झांकी पटपर मंडली की भव्य प्रस्तुति

देवी जस गीतों की भक्तिमय प्रस्तुति

माता काली के अद्भुत रूप

धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर आधारित भव्य झांकियां

भव्य मंच और दर्शकों के लिए विशेष बैठक व्यवस्था

# सेवा संकल्प अभियानः किसानों की समृद्धि और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था का आधार बना भोरमदेव शक्कर कारखाना

■ गन्ना उत्पादक किसानों को मिला संगठित बाजार और सुनिश्चित आय का संबल, रोजगार एवं स्थानीय कारोबार को भी मिली गति



**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासन की योजनाओं और संस्थागत प्रयासों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने तथा किसानों को उनकी उपज का बेहतर आर्थिक लाभ दिलाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता कबीरधाम जिले में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जिले में संचालित भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा स्थापना से ही गन्ना उत्पादक किसानों के लिए संगठित बाजार उपलब्ध कराने के साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों और रोजगार का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। मात्र 49 करोड़ रुपये की प्रारंभिक स्थापना लागत से शुरू हुआ भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना आज क्षेत्र के किसानों, श्रमिकों, व्यापारियों, परिवहनकर्ताओं एवं विभिन्न सेवा प्रदाताओं की आजीविका से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। कारखाना प्रबंधन के अनुसार स्थापना से अब तक गन्ना उत्पादक किसानों को लगभग 1 हजार 774 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है।

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा प्रबंध संचालक ने बताया कि कारखाने की बेहतर शक्कर रिकवरी का लाभ भी किसानों तक पहुंचाया गया है। पिछले छह वर्षों के दौरान लगभग 152 करोड़ रुपये का अतिरिक्त रिकवरी भुगतान किसानों को किया गया। इस प्रकार किसानों को नियमित गन्ना मूल्य भुगतान के साथ उनकी उपज से प्राप्त बेहतर रिकवरी का अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी मिला है। कारखाना क्षेत्र के किसानों द्वारा उत्पादित गन्ने का कुल मूल्य लगभग 1,774 करोड़ रुपये रहा है। इससे गन्ना उत्पादक किसानों को अपनी उपज के लिए एक संगठित बाजार और नियमित आय का आधार मिला है। आज भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना केवल शक्कर उत्पादन की इकाई नहीं, बल्कि किसानों की आय, रोजगार के अवसर और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को गति देने वाला क्षेत्र के विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है।

### शक्कर उत्पादन के साथ बढ़ी आर्थिक गतिविधियां

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में गन्ना खरीदी एवं शक्कर उत्पादन के साथ-साथ शक्कर, शीरा, प्रेसमड और बगास जैसे प्रमुख एवं सह-उत्पादों के निर्माण तथा विपणन से भी बड़े स्तर पर आर्थिक गतिविधियां संचालित होती हैं। कारखाने के संचालन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े श्रमिकों एवं कर्मचारियों को रोजगार और पारिश्रमिक प्राप्त होता है। इसके अलावा गन्ना कटाई, परिवहन, कृषि आदानों की आपूर्ति, मशीनरी, मरम्मत, पैकेजिंग और स्थानीय सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए भी निरंतर रोजगार एवं व्यवसाय के अवसर निर्मित हुए हैं।

### स्थानीय बाजार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती

कारखाने से जुड़े सैकड़ों किसान, व्यापारी, परिवहनकर्ता और सेवा प्रदाता प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इससे लाभान्वित हो रहे हैं। गन्ना खरीदी एवं भुगतान के माध्यम से क्षेत्र में नकदी का प्रवाह बढ़ने से स्थानीय बाजारों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों का अधीक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण

■ गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने विभागीय अभियंताओं को दिए निर्देश



**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जिला कबीरधाम अंतर्गत संचालित पीएमजीएसवाय, पीएम-जनमन, पीएमजीएसवाय फेस-4, वृहद पुल एवं संधारित सड़कों के निर्माण एवं संधारण कार्यों का निरीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण परियोजना मंडल, दुर्ग के अधीक्षण अभियंता श्री पी. मोहन राव सोनी द्वारा जिले के विकासखंड बोड़ला, पंडरिया, कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न सड़कों एवं निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता श्री सोनी ने विभागीय अभियंताओं को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत संचालित सभी कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी, आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्य तथा संधारण कार्यों पर विशेष ध्यान देने कहा।

### नवीनीकरण पश्चात संधारण अवधि की 6 सड़कों का निरीक्षण

नवीनीकरण पश्चात संधारण अवधि अंतर्गत कुल 6 सड़कों का निरीक्षण किया गया। इनमें मेनरोड से कल्याणपुर, बामीरोड से पीपरटोला छोटे, मेनरोड एसएच-05 से बानो, रेंगाखार रोड से नगवाही, सहसपुर लोहारा रोड से बोदा-47 तथा लोहारा-रेंगाखार रोड से पंडरीपानी सड़क शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सड़क के सोल्डर में रेनकट्स एवं पॉटहोल्स पाए गए। इसके अलावा किलोमीटर स्टोन में पोताई तथा झाड़ी सफाई का कार्य किए जाने की आवश्यकता बताई गई। अधीक्षण अभियंता ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्य तत्काल कराने के निर्देश दिए।

### निर्माण पश्चात संधारण अवधि की 3 सड़कों का निरीक्षण

निर्माण पश्चात संधारण अवधि अंतर्गत मेनरोड रेंगाखार रोड से परसाही बैगापारा, बोदा-47 से गर्रा तथा बोदा-47 से करमंदा सड़कों का निरीक्षण किया गया। इन सड़कों में भी सोल्डर में रेनकट्स, पॉटहोल्स, किलोमीटर स्टोन में पोताई एवं झाड़ी सफाई से संबंधित कमियां पाई गईं।

# मोदी के जन्मदिन के नाम पर जनता के धन का अपव्यय किया गया : दीपक बैज

■ महंगाई से जूझ रही जनता के बीच लाखों दीयों में तेल जलाकर भाजपा सरकार उत्सव मना रही है?ः कांग्रेस"



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश में करीब 40 लाख दीये जलाने की तैयारी है, जिसमें अकेले रायपुर में करीब 25 लाख दीयों का कार्यक्रम करने का दावा किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सवाल किया है कि जब देश और प्रदेश की जनता महंगाई की मार झेल रही है, तब प्रधानमंत्री के जन्मदिन के नाम पर लाखों दीयों में तेल जलाकर सरकारी तंत्र और संसाधनों का प्रदर्शन क्यों किया गया?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह सवाल किसी के जन्मदिन मनाने का विरोध नहीं है। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री के राजनीतिक कार्यक्रम को सरकारी आयोजन का रूप देकर जनता के संसाधनों का इस्तेमाल किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार बताए कि आयोजन पर कितना पैसा खर्च हुआ? 40 लाख दीयों की खरीद किसने की? दीयों में इस्तेमाल होने वाले तेल की व्यवस्था किसने की? बाती, परिवहन, सजावट, मंच, बिजली और अन्य व्यवस्थाओं पर कितना खर्च हुआ? इस पूरे आयोजन का कुल बजट कितना है? इसका भुगतान किस मद से किया जा रहा है?

# सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत निगम वाहन शाखा में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** शासन के निर्देशानुसार आयोजित सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम भिलाई की वाहन शाखा परिसर में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त सुरूचि सिंह, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद सदस्य सीजू एंथोनी सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर, निगम आयुक्त एवं सभापति सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना कर शहर की सुख-समृद्धि तथा निगम परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की। साथ ही निगम के वाहनों एवं विभिन्न मशीनरी के सुचारू, सुरक्षित एवं निर्बाध संचालन के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूजा-अर्चना के उपरांत उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में निगम के वाहन शाखा से जुड़े कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, शिल्प, तकनीक एवं यांत्रिकी का देवता माना जाता है। निगम की वाहन शाखा में आयोजित इस पूजा-अर्चना के माध्यम से कर्मचारियों ने अपने कार्यक्षेत्र में सुरक्षित एवं सुचारू कार्य संचालन, वाहनों एवं मशीनरी की बेहतर कार्यक्षमता तथा शहर की सेवा व्यवस्था निरंतर बनाए रखने के लिए भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी श्री प्रकाश कुमार राबड़े के निर्देशन में क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा श्रीराम शर्मा (मिंटू) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डूमरतराई में विद्यार्थियों के लिए तत्काल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने ओजोन परत का महत्व, ओजोन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। तत्काल भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी अभिव्यक्ति क्षमता, विषय की समझ और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री आर. एन. त्रिवेदी, इको क्लब प्रभारी श्रीमती रीना अतुल सिंह, मंच संचालन डॉ. रितु श्रीवास्तव तथा सहयोगी श्रीमती अर्चना उपाध्याय एवं श्री प्रदीप चौहान सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मंत्री केदार कश्यप की सख्त नीति का असर, USTR में 106 हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमण मुक्त



■ चार वर्षों में 1,000 हेक्टेयर से अधिक वनभूमि अतिक्रमण से कराई गई मुक्त

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में वन एवं वन्यजीव क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की दिशा में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व (USTR) के सीतानदी कोर रेंज में लगभग 106 हेक्टेयर अतिक्रमित वनभूमि को मुक्त कराया गया है। अभियान की विशेषता यह रही कि धमतरी, गरियाबंद, कांकेर एवं उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की महिला वन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अग्रिम पंक्ति में रहकर कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वन मंत्री केदार कश्यप ने वन एवं वन्यजीव क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई के साथ आधुनिक तकनीक के उपयोग और मुक्त कराई गई वनभूमि के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर विशेष जोर दिया है। इसी दिशा में स्झ्रक्र द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से यह अभियान संचालित किया गया।

# दीप प्रज्ज्वलित कर बनाया आयुष्मान भारत का लोगो



**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार -भाटापारा अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र माहेश्वरी के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोपका अस्पताल में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा, जनकल्याण एवं जन-जागरूकता के प्रति समर्पण की भावना को आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर आयुष्मान भारत का लोगो बनाया गया साथ ही सरस्वती वंदना, संस्था के उद्देश्य एवं परिचय, प्रधानमंत्री के जीवन एवं सेवा कार्यों पर प्रस्तुति तथा सेवा के 25 वर्ष विषय पर विशेष संबोधन किया गया।

# विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने लॉलीपॉप बांट कर बीजेपी को आइना दिखाया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए तंज कसा और कहा कि आपने देश के किसानों, व्यापारियों, जवानों, छात्रों, महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोगों को लॉलीपॉप देने का काम पिछले 12 वर्षों से करते आये हैं। आज विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने लॉलीपॉप बांट कर बीजेपी को आइना दिखाया। मोदी जी आपके कार्यकाल में ही नोटबंदी हुआ जिससे देश को क्या लाभ हुआ जनता आज तक जानना चाहती है। जीएसटी जैसी योजना लाकर आपने देश में जनता से सीधे-सीधे कर वसूली करना शुरू किया। जिससे आज देश के अधिकांश परिवार आर्थिक व्यवस्था से प्रभावित होकर डगमगा गये हैं उनके परिवार पर आपने आर्थिक बोझ डाल दिया है।

छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने यूपीआई के माध्यम से होने वाले कुछ बड़े व्यापारी लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू किए जाने को लेकर केंद्र सरकार से पुनर्विचार की मांग की है। विकास उपाध्याय ने कहा कि यूपीआई आज आम जनता, छोटे-बड़े व्यापारियों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए वर्षों से लोगों को यूपीआई अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। ऐसे में व्यापारी लेन-देन पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान-भार आने से छोटे व्यवसायों और डिजिटल भुगतान के विस्तार पर असर पड़ने की आशंका है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर गुढ़ियारी में भव्य आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन एवं सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर को रायपुर के गुढ़ियारी स्थित शीतला माता मंदिर के पास 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके साथ ही बसंत अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को जन्मदिन की बधाई देते हुए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। भाजपा नेता बसंत अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों मिट्टी के दीये प्रज्वलित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान शीतला माता मंदिर के आसपास का क्षेत्र हजारों दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। आयोजन के माध्यम से सेवा, समर्पण और जनभागीदारी का संदेश दिया गया।

**उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़**
**उद्योग भवन, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर**
फोन नं. (0771) 2583652-54,
Email: dtic-directorate.cg@gov.in
(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6 दिनांक 28.04.2018)
**मेसर्स श्री गणपति इस्पात यूनिट - 2, ग्राम अछोली, औ.क्षेत्र उरला, विकासखण्ड धरसींवा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु**
**आम सूचना**
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि-
**1. मेसर्स श्री गणपति इस्पात यूनिट - 2 ( प्रो. गणपति स्पंज आयरन प्रा. लि.), ग्राम अछोली, औ.क्षेत्र उरला, विकासखण्ड धरसींवा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)** में स्थापित है एवं इकाई लघु श्रेणी का प्रा.लि. कंपनी है। मूल / विक्रेता इकाई - मेसर्स गणपति इस्पात यूनिट -2, (संचालक श्री सुरेश कुमार गोयल) द्वारा क्रेता - मेसर्स जय बालाजी पाईप एंड ट्यूब्स, (साझेदार - श्री जीवन गर्ग, श्री सचिन गर्ग) को विक्रय किया गया है। उक्त संबंध में स्वामित्व एवं नाम परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
**2. शाखा प्रबंधक,** एचडीएफसी बैंक शाखा न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर, जिला रायपुर की ओर से **मेसर्स श्री गणपति इस्पात यूनिट-2, ग्राम अछोली, औ. क्षेत्र उरला, विकासखण्ड धरसींवा, जिला रायपुर** वित्त पोषित है तथा इकाई द्वारा बैंक का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। 3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत् प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक **PROJ-41011/454/2026-DOI** दिनांक 16.09.2026 द्वारा **मेसर्स श्री गणपति इस्पात यूनिट-2, ग्राम अछोली, औ.क्षेत्र उरला, विकासखण्ड धरसींवा, जिला रायपुर** के स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है। अतः **मेसर्स श्री गणपति इस्पात यूनिट-2, ग्राम अछोली, औ.क्षेत्र उरला, विकासखण्ड धरसींवा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)** के उद्योग के स्वामित्व एवं नाम परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था / बैंकया अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
**रायपुर, दिनांक-16.09.2026** **संचालक**

# कलिंगा विश्वविद्यालय में 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर लेखन व रचनात्मक प्रतियोगिता







**नया रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलिंगा विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत शहीद वीरनारायण सिंह शोधपीठ के द्वारा एवं शासकीय दू.श्री वै.स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय रायपुर के सहयोग से 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर 15 सितंबर 2026 को भव्य अंतर्विश्वविद्यालयीन लेखन एवं रचनात्मक प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए शोध-पत्र लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता और हिन्दी पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन के उपरांत सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को ट्राफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विदित हो कि मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम शहीद वीर नारायण सिंह शोधपीठ के प्रभारी और हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ.अजय कुमार शुक्ल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान देना एवं विद्यार्थियों में साहित्यिक और रचनात्मक स्तर के साथ शोध करने की क्षमता को समृद्ध करना है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा हमारी पहचान और संस्कृति से जुड़ी हुयी है। विकसित तकनीक और ए.आई. के वर्तमान दौर में विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। हिंदी भाषा विश्वस्तर पर निरंतर विकसित हो रही है। हमें उसकी महत्ता को समझते हुए उसे समृद्ध करने में अपना योगदान देते रहना चाहिए।

कार्यक्रम के अगले चरण में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसका विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता(ए.आई.): शिक्षा का वरदान या मानवीय रचनात्मकता के लिए चुनौती ?,इस विषय पर विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष पर अपने विचार प्रस्तुत किए,इसके उपरांत हिन्दी पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में वर्तमान समय में भारतवर्ष में हिन्दी विषय की स्थिति और प्रासंगिकता एवं डिजिटल समय में हिन्दी भाषा की स्थिति विषय पर विद्यार्थियों ने सुंदर चित्रों व आकर्षक रंगों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद निर्णायकों की उपस्थिति में वाद विवाद प्रतियोगिता (पक्ष) में प्रथम स्थान एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अस्ना जबी ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर बीए प्रथम के कृष्ण प्रताप को दिया गया।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आयुष बडवानी, मेसर्स कंडरका ब्रिक इंडस्ट्रीज, निवासी एस. बी. आई. कॉलोनी फाफाडीह, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.), उनके द्वारा ग्राम कंडरका, तहसील-भिंभौरी (पुराना बेरला), जिला- बेमेतरा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 846 भाग, 831/2, 845 कुल रकबा 3.94 हे. भूमि पर गौण खनिज मिट्टी का पर्यावरण स्वीकृति राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या **EC25C0108CG5610339N** दिनांक 11/06/2026 को उत्खनन क्षमता 40125 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका अवलोकन भारत सरकार पर्यावरण वन, जलवायु मंत्रालय की वेवसाईट **https://parivesh.nic.in** पर किया जा सकता है।
**कृते**
**श्री आयुष बडवानी**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संगीता तिवारी, मेसर्स गोड़पेण्ड्री लाईम स्टोन क्वारी पति श्री अजय कुमार तिवारी, निवासी क्व. नं. 02 / बी, स्ट्रीट नं. 14, सेक्टर 07,भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.), उनके द्वारा ग्राम गोड़पेण्ड्री, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 363, 364 / 2, 365/2, 367/2, 367/3, 368, 369, 370, 371, 372 व 373 कुल रकबा 1.85 हे. भूमि पर गौण खनिज चूनापत्थर का पर्यावरण स्वीकृति राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या **EC24B0108CG5126324N** दिनांक 20/02/2026 को उत्खनन क्षमता 40125 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका अवलोकन भारत सरकार पर्यावरण वन, जलवायु मंत्रालय की वेवसाईट **https://parivesh.nic.in** पर किया जा सकता है।
**कृते**
**श्रीमती संगीता तिवारी**

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 18 सितम्बर 2026




### मेहंदीपारा में पहली बार महिला कमांडो का गठन

**जांजगीर-चांपा।** थाना चांपा क्षेत्र के मेहंदीपारा में नशे के दुष्प्रभावों और अवैध कारोबार के खिलाफ जनजागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र में पहली बार महिला कमांडो का गठन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, उपाध्यक्ष अमरदीप खटकर, चांपा सेवा संस्थान के पुरुषोत्तम शर्मा, पार्षद, जनप्रतिनिधि और मोहल्लेवासी शामिल हुए। पुलिस ने नागरिकों से संवाद कर नशे से दूर रहने, परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने तथा युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने की अपील की।

# श्रमवीरों के परिश्रम और पसीने से हो रहा समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण : सीएम साय

■ **श्रमिकों का सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और उनके परिवारों का उज्जवल भविष्य हमारी सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री साय**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के श्रमवीर अपने परिश्रम, पुरुषार्थ और पसीने से समृद्ध एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की नई इबारत लिख रहे हैं। गांवों के खेत-खलिहानों से लेकर शहरों की ऊंची इमारतों तक, सड़कों और पुलों से लेकर सिंचाई परियोजनाओं, उद्योगों और अधोसंरचना के निर्माण तक प्रदेश की प्रगति की हर तस्वीर में हमारे श्रमिक भाई-बहनों की मेहनत समाहित है। छत्तीसगढ़ ने अपने गठन के 25 वर्षों में विकास के जो नए प्रतिमान स्थापित किए हैं, उनके पीछे हमारे मेहनतकश हाथों का बड़ा योगदान है। यही हाथ आने वाले वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को भी साकार करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेशभर से आए हजारों श्रमिक भाई-बहनों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और भगवान विश्वकर्मा से छत्तीसगढ़ की सुख, शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के आराध्य हैं। वे हमें श्रम के सम्मान और अपने हुनर पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं। सही मायनों में हमारे श्रमिक भाई-बहन ही विकसित छत्तीसगढ़ के विश्वकर्मा हैं। राज्य सरकार श्रमिकों के परिश्रम का सम्मान करने के साथ उनके जीवन में सुरक्षा, सुविधा और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सोच स्पष्ट है कि विकास का लाभ उस श्रमिक तक भी पहुंचे, जिसके श्रम से विकास की नींव तैयार होती है। श्रमिक को उसके परिश्रम का पूरा सम्मान मिले, उसे सामाजिक सुरक्षा का भरोसा मिले, परिवार आर्थिक रूप से सशक्त बने और उसके बच्चों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें - इसी उद्देश्य के साथ सरकार श्रमिक कल्याण की योजनाओं को लगातार विस्तार दे रही है।

### श्रमिक हित में मुख्यमंत्री की तीन बड़ी घोषणाएं

मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन में श्रमिक भाई-बहनों की सुविधा, आवागमन और स्वरोजगार को ध्यान में रखते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने शहरों में रोजगार की तलाश में विभिन्न स्थानों पर एकत्र होने वाले श्रमिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। इन केंद्रों में श्रमिकों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे काम की तलाश में शहर आने वाले श्रमिकों को सम्मानजनक और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने पंजीकृत श्रमिकों के आवागमन को सुगम बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से ई-बाइक सहायता योजना प्रारंभ करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि काम के लिए प्रतिदिन लंबी दूरी तय करने वाले श्रमिकों के लिए आवागमन की सुविधा सीधे तौर पर उनकी आजीविका और जीवन की सहजता से जुड़ी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने असंगठित क्षेत्र के रिक्शा चालकों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे परंपरागत रिक्शा चालकों को आधुनिक साधन अपनाने, अपनी आय बढ़ाने और स्वरोजगार को अधिक मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव लाना है। श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महिलाओं को आत्मनिर्भरता और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराकर एक सशक्त श्रमिक परिवार का निर्माण करना सरकार की प्राथमिकता है।

महासम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रम विभाग के विभिन्न मंडलों द्वारा संचालित 26 योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से 1 लाख 43 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खातों में 51 करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि अंतरित की। उन्होंने विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के हितग्राहियों को सहायता राशि एवं सामग्री का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में श्रम विभाग के तीन मंडलों के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों के लिए 67 प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा से लेकर उनके बच्चों की शिक्षा, विवाह सहायता और आर्थिक सशक्तीकरण तक जीवन के विभिन्न चरणों में ये योजनाएं श्रमिक परिवारों का संबल बन रही हैं।

## पुरंदर मिश्रा व मीनल चौबे ने सफाई, श्रमदान कर लोगों को दिया स्वच्छता संदेश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा और नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, एमआईसी सदस्य श्रीमती गायत्री चंद्राकर, श्रीमती संजना हियाल, श्री संतोष साहू, श्री अमर गिदवानी, श्री खेमकुमार सेन, श्री भोला राम साहू, श्री अवतार सिंह बागल, जोन अध्यक्ष सर्वश्री मुरली शर्मा, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रीतम सिंह ठाकुर, सचिन बी. मेघानी सहित आमजनों, नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, उपायुक्त श्री जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता श्री योगेश कडु, जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम जोन 4 की ओर से सेवा संकल्प अभियान 2026 दिनांक 17 सितम्बर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 की विविध सकारात्मक गतिविधियों का शुभारंभ करते हुए कलेक्टोरेट परिसर के सामने स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा और उसके आस पास के क्षेत्र में और कलेक्टोरेट के सामने स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा और उसके आस पास झाडू लगाकर सफाई श्रमदान करते हुए जन-जन को स्वच्छता का सकारात्मक संदेश दिया।

## आधुनिक भारत के विश्वकर्मा हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जलाएं 'आशीर्वाद के दीये' : बृजमोहन अग्रवाल

■ **राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन में शामिल हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर श्रम विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ शामिल हुए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज अत्यंत हर्ष का दिन है कि विश्वकर्मा जयंती के साथ-साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भी जन्मदिन है। भगवान विश्वकर्मा ने जहां आदि-अनादि काल से इस सृष्टि का निर्माण किया, वहीं आज के आधुनिक भारत के विश्वकर्मा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। पूरा देश उनका अभिनंदन और स्वागत करता है।

श्री अग्रवाल ने जनता से आह्वान किया कि मोदी जी के सेवाकाल के



अभिनंदन स्वरूप सभी अपने-अपने घरों और मोहल्लों में 'आशीर्वाद के दीये' जलाएं। उन्होंने कामना की कि प्रधानमंत्री जी सदैव स्वस्थ, मस्त और प्रसन्न रहकर इसी तरह देश सेवा में जुटे रहें।

श्रमिकों के उत्थान पर बोलते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, हर श्रमिक का स्मार्ट कार्ड बनाया जा रहा है, जिससे उन्हें शासन की सभी आवश्यक योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित हो सके।

अपने 5 वर्षों के श्रम मंत्री कार्यकाल का स्मरण करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने श्रम मंत्री रहते हुए श्रमिकों के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की थीं, उनके अनुरोध पर श्रमिकों के बच्चों को डॉक्टर, शिक्षक और रेलवे जैसी सेवाओं में भेजने के लिए निशुल्क कोचिंग और स्कूलों में प्रवेश की व्यवस्था शुरू कर दी गई है।

वर्तमान श्रम मंत्री लखन देवांगन से श्रमिकों के हित में ऑटो-रिक्शा के अनुदान में बढ़ोतरी करने और जनहितकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का आग्रह किया गया था, जिसे गति दी जा रही है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, आने वाले समय में विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 3,000 युवाओं को रोजगार प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर जगन्नाथ मंदिर में हुआ पूजन-हवन

■ **विधायक पुरन्दर मिश्रा ने भगवान जगन्नाथ से की प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर रायपुर के गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुरन्दर मिश्रा ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री जगन्नाथ जी का पूजन-अर्चन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के संकल्प का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनके जन्मदिवस पर भगवान श्री जगन्नाथ जी के श्रीचरणों में प्रार्थना कर उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं सफल जीवन की कामना की गई। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदैव शक्ति, ऊर्जा और सामर्थ्य प्रदान करें, ताकि वे निरंतर देश की सेवा करते रहें तथा उनके नेतृत्व में भारत विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। पुरन्दर मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देशवासियों की शुभेच्छाओं और भगवान श्री जगन्नाथ जी के आशीर्वाद से उनका जीवन सदैव राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित और ऊर्जावान बना रहे।

### शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में दिनांक 19, 20, 21, 22, 23, 24 एवं 25 सितम्बर 2026 को तथा गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में दिनांक 21, 22, 23, 24, 25, 26 एवं 27 सितम्बर 2026 को उपलब्ध रहेगी 7 इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

## इंडियन बैंक राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित

■ **छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन**

**मुंबई।** देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, इंडियन बैंक को नवी मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 2026 के दौरान आयोजित हिंदी दिवस समारोह में वर्ष 2025-26 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के तहत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इंडियन बैंक को यह पुरस्कार 'राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ निष्पादन' करने के लिए लगातार तीसरे वर्ष प्राप्त हुआ है।

श्री शिव बजरंग सिंह, कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक ने नवी मुंबई के सिडको एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के प्रथम दिन दिनांक 14.09.2026 को हिन्दी दिवस समारोह-2026 में माननीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार एवं श्री नित्यानंद राय के कर कमलों से सचिव, राजभाषा विभाग, श्रीमती अंशुली आर्या की गरिमामयी उपस्थिति में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर इंडियन बैंक द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल पुस्तक मैं दिल्ली हूँ का लोकार्पण भी किया गया।

यह पुरस्कार बैंक में राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन और बैंकिंग कामकाज में राजभाषा हिंदी को लागू करने में बैंक की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इंडियन बैंक सदैव ग्राहक की भाषा में ग्राहक सेवा की भावना के साथ देशभर



में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।

सम्मेलन के दूसरे दिन दिनांक 15.09.2025 को चेन्नै नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक/वि.सं) के संयोजक इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै को अपने कार्यक्षेत्र में संघ की राजभाषा नीति के उल्लेखनीय कार्यान्वयन के लिए नराकास राजभाषा सम्मान के तहत सर्वश्रेष्ठ श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक सुश्री वी.एन. माया एवं नराकास के सदस्य सचिव एवं सहायक महाप्रबंधक श्री राजेश कुमार सिंह ने ग्रहण किया।

कांचीपुरम नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक के रूप में इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, कांचीपुरम एवं पुदुच्चेरी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) के संयोजक के रूप में इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय पुदुच्चेरी को अपने कार्यक्षेत्र में संघ की राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय निष्पादन के लिए नराकास राजभाषा सम्मान के तहत प्रशंसनीय श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### राजस्व मंत्री ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवा में सफल 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल बलौदाबाजार और सिविल अस्पताल भाटापारा में आयोजित इस मानवीय पहल में युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 94 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे प्रदेश के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं और नागरिकों को गुलाब का फूल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री वर्मा ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो असमय संकट में पड़े किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है।

## पॉवर कंपनी में प्रबंध निदेशकों ने जलाया 'सेवा संकल्प का दीया'

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में ''सेवा संकल्प अभियान'' के तहत आज 'आशीर्वाद का दीया' पहल के अंतर्गत मुख्यालय सेवा भवन प्रांगण में 1100 दीये जलाए गए। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.के.कटियार, ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री आर.के.शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने दीप प्रज्जवलित कर सेवा का संकल्प लिया। इसके साथ ही प्रदेश भर में फैले मैदानी कार्यालयों, उपकेन्द्रों और विद्युत गृहों में भी दीये जलाए गए। सेवा भवन में आकर्षक रंगोली भी बनाई गई थी।

कार्यक्रम को सार्थक बनाने के लिए प्रदेश भर के विद्युत कार्यालयों में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा पहले चरण में आज प्रदेश भर में ''आशीर्वाद का दीया'' कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्जवलन एवं दूसरे चरण में समस्त कार्यालयों एवं



सबस्टेशनों में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण किया जायेगा।

जनरेशन कंपनी में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम पश्चात् सेवा मेरा योगदान, सेवा के रंग राष्ट्र के संग (रंगोली), जल जन सेवा संकल्प के तहत संयंत्रों में जल संरक्षण एवं जल संचयन प्रदर्शन, सेवा की कहानी में स्थानीय रोजगार एवं सीएसआर हितग्राहियों की वास्तविक कहानियां प्रेषित की जाएगी एवं सुशासन सेवा संवाद कार्यक्रम माहभर आयोजित किया जायेगा।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा दीप प्रज्जवलन ''आशीर्वाद का दीया'' कार्यक्रम के साथ-साथ ''सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम में विकासखण्ड स्तर पर सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभागीय योजना की जानकारी दी जाएगी, साथ ही नये कनेक्शन लोड बढ़ाना घटाना, नाम परिवर्तन आदि के लिए प्राप्त आवेदनों का त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अन्य गतिविधियों के तहत प्रांगणों में वृक्षारोपण, सफाई कार्य एवं प्रथम बार बिजली पहुंचने की बदलाव की कहानी, सेवा ज्योति यात्रा के तहत लाभार्थियो के सम्मान एवं बच्चों की प्रतियोगिताओं (रंगोली) आदि करना प्रस्तावित हैं।

### शोक संदेश

**श्रीमती मंदा (तारा)**



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव निवासी श्रीमती मंदा (तारा) धर्मपत्नी स्व. श्री बलवंतराव जी डुंभरे (उम्र 76 वर्ष) का कल रात्रि 09:15 बजे को लंबी अस्वस्थता के चलते परलोक गमन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 17-09-26 को प्रातः काल 10.30 बजे उनके निवास स्थान, लेबर कॉलोनी, कलेक्ट्रेट के पीछे मकान नं. - 34 से लखोली मुक्ति धाम राजनांदगांव में किया गया। वे नितिन डुंभरे और श्रीमती अर्चना ढोमने की माताजी व सुधीर ढोमने की सास, शिखा भरने व श्रुतिका व बालु की नानी थी।

**सीताबाई शर्मा**



**रायपुर।** सुंदर नगर प्रसून विहार निवासी श्रीमती सीताबाई शर्मा (ग्राम सरदा बेमेतरा वाले) का 17 सितंबर 2026 को निधन हो गया है। वे 93 वर्ष की थीं। वे प्रदीप शर्मा की माता और आदित्य एवं अमन शर्मा की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 18 सितंबर को सुबह दस बजे महादेव घाट पर किया जाएगा।

**गुरमुख गंगवानी जी**

**रायपुर।** C-11A आनंद विहार नेचर केयर हॉस्पिटल के पास रायपुर निवासी श्री गुरमुख गंगवानी जी (उम्र 63 वर्ष) अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु चरणों में लीन हो गए है। अंतिम यात्रा दिनांक 17 सितंबर 2026 दिन गुरुवार को शाम 4:30 निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में किया गया।

## एनएमडीसी के बचेली आयरन ओर कॉम्प्लेक्स में मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

**बचेली ( विश्व परिवार )।** एनएमडीसी लिमिटेड के बचेली आयरन ओर कॉम्प्लेक्स (BIOM) में पारंपरिक उत्साह और जोश के साथ विश्वकर्मा पूजा मनाई गई। इस आयोजन ने माइनिंग से जुड़े लोगों के बीच सुरक्षा, समर्पण, टीम वर्क और सामूहिक हित की भावना को और मजबूत किया।

औद्योगिक माहौल में विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व है क्योंकि भगवान विश्वकर्मा को दिव्य वास्तुकार माना जाता है और वे शिल्प कौशल, इंजीनियरिंग, औजारों और मशीनरी से जुड़े हैं। बचेली आयरन ओर कॉम्प्लेक्स में, यह अवसर विभिन्न ऑपरेशनल और मेंटेनेंस क्षेत्रों में मनाया गया, जिसमें वर्कशॉप और भारी



मशीनरी वाली जगहें भी शामिल थीं।

उत्सव के हिस्से के रूप में परिसर की सफाई और सजावट की गई। विशेष पंडाल लगाए गए और भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियां और चित्र स्थापित किए गए। माइनिंग और इंजीनियरिंग के उपकरणों, औजारों और मशीनों को गेंदे के फूलों की मालाओं और पारंपरिक चढ़ावे से सजाया गया। कर्मचारियों और कामगारों ने पूजा और आरती में भाग लिया और कामकाज के सुरक्षित, सुचारू और बिना किसी रुकावट के चलने के लिए आशीर्वाद मांगा।

विश्वकर्मा पूजा उन कौशलों, समर्पण और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का उत्सव है जो हमारे माइनिंग ऑपरेशन्स को आगे बढ़ाते हैं। इस शुभ अवसर पर, मैं सभी कर्मचारियों, कामगारों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई देता हूं। भगवान विश्वकर्मा सभी को अच्छा स्वास्थ्य, सुरक्षा, समृद्धि और निरंतर सफलता का आशीर्वाद दें। आइए हम उच्चतम मानकों को बनाए रखें।

विश्वकर्मा पूजा हमें हमारे वर्कफोर्स, इंजीनियरों और तकनीकी टीमों के अमूल्य योगदान की याद दिलाती है जो हमारे ऑपरेशन्स को आगे बढ़ाते रहते हैं। मैं कर्मचारियों, कामगारों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह अवसर एकता, टीम वर्क और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करे और सभी के लिए खुशी, समृद्धि और भलाई लाए।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354